रायपुर। ग्रामीण क्षेत्रों में बकरी चोरी की लगातार घटनाएं हो रही है ऐसा ही एक मामला खरोरा स्थित एक गांव के घर में घुसकर चोर 20 बकरी चोरी कर लिये। घटना की रिपोर्ट खरोरा थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कनकी थाना खरोरा निवासी दाऊलाल यादव 65 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी बकरी पालन कर अपना गुजर-बसर करता है। 9 अक्टूबर की बीती रात 1 बजे घर के अंदर रखे 20 बकरियों को किसी ने चोरी कर लिया। चोरी गए बकरियों की कीमत करीब 75 हजार रुपयें आंकी गई है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457,380 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

एक्टीवा सवार फोन छीनकर भागे

रायपुर। युवक का मोबाईल झपटकर स्कूटी सवार फरार हो गये। घटना की रिपोर्ट डीडीनगर थाने में दर्ज की गई है। नयापारा गोलबाजार निवासी बादल सोनी 34 वर्ष पिता मधु सोनी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी 9 अक्टूबर को शाम 7 बजे सुन्दर नगर में पुलिया के पास बैठा हुआ था,इसी दौरान सफेद एक्टीवा में सवार तीन युवक नजदीक आकर तेजी से हाथ में पकड़ा मोबाई सेमसंग कंपनी का ए 71 लेकर भाग गए। कुछ दूर तक प्रार्थी आरोपियों को दौड़ाकर पकड़ने की कोशिश किया लेकिन वे तेज रफ्तार होने के चलते पकड़ में नही आये।

प्रदेश की बेटी से दुष्कर्म, कोई मंत्री तक मिलने नहीं गया : मूणत

■ हाथरस की घटना के विरोध में सरकार ने टंगवाए बैनर-पोस्टर

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। भाजपा नेता व पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि हाथरस की घटना के विरोध में राज्य सरकार ने बैनर-पोस्टर टंगवा दिए, लेकिन राज्य की ही बेटी के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में कोई सहानुभूति नहीं जताई गई और न ही किसी ने बयान दिया, यह दुखद है। छत्तीसगढ़ में विपक्ष की भूमिका निभा रही भाजपा ने प्रदेश में हाल ही में हुए यौन उत्पीड़न के मामलों को लेकर प्रदेश की सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी पर निशाना पर ले रही है । हाथरस मामले पर मुखर छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर भाजपा अब निर्बाध हमले कर रही है । इस बीच रमन सरकार में मंत्री रहे राजेश मूणत ने सरकार पर कई बड़े आरोप लगाए हैं। पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने बलरामपुर और केशकाल की घटनाओं का ज़िक्र करते हुए कहा है कि कांग्रेस के लिये छत्तीसगढ़ की बेटियों के साथ दुराचार दुराचार नही है, उनके लिए हाथरस की बेटी की न्याय की मांग के लिए रायपुर में होर्डिंग बैनर और प्रदर्शन किया जाता है,लेकिन कोंडागांव के धनोरा में बेटी के अनाचार के लिए सरकार का कोई मंत्री और प्रतिनिधिमण्डल मिलने तक नही जाता है। मूणत ने कहा कि छत्तीसगढ़ की बेटी के साथ दुराचार की घटना की बेहद दुखद है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार को राजनीति से ऊपर उठकर कार्रवाई करनी चाहिए। मूणत ने कहा कि भूपेश सरकार का एक भी मंत्री केशकाल के उस परिवार से मिलने नही गया है।

कांकेर रेप कांड को लेकर बीजेपी द्वारा धरना प्रदर्शन धरना स्थल में

भाजपा करेगी राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

राज्य में हो रहे दुष्कर्म के मामलों को लेकर अब भाजपा ने बड़ा प्रदर्शन करने का निर्णय कर लिया है। बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर में नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आने के बाद प्रदेश भाजपा ने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार इस तरह के जघन्य अपराधों को रोकने में पूरी तरह से नाकाम है। भाजपा महिला मोर्चा अनुसूचित जनजाति मोर्चा अब पूरे राज्य में इस मामले को लेकर बड़ा आंदोलन व प्रदर्शन करने की तैयारी में है। भाजपा इसी बहाने एक बार फिर से राज्य सरकार को घेरेन का प्रयास करने वाली है। बताया जाता है कि मामले में राजधानी रायपुर में एक विशाल प्रदर्शन कर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा और सीएम भूपेश बघेल से इस्तीफे की मांग की जाएगी।

दुष्कर्म पीड़िता के परिवार को मुआवजा मिले : सांसद मण्डावी

भाजपा के कांकेर के सांसद मोहन मण्डावी ने आरोप लगाया है कि उत्तरप्रदेश के हाथरस की घटना पर कांग्रेस ने सत्याग्रह किया, लेकिन बस्तर इलाके में रहने वाली आदिवासी युवती के साथ दुष्कर्म के मामले में कोई ठोस कदम नही उठा रही है। श्री मण्डावी कल जारी अपने बयान में कहा कि पीड़िता के परिवार को बीस लाख का रूपये के मुआवजा के साथ परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाये। लापरवाही बरतने वाले अधिकारी को तत्काल बर्खास्त की जाए और सभी सम्पूर्ण घटना की जांच सीबीआई से कराई जाये।

अपराधियों को बचाने में सरपंच पति भाजपा नेता की भूमिका : फूलोदेवी

■ विधायक बृजमोहन अग्रवाल के बयान पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया

■ भाजपा का चरित्र ही है अपराधियों के पक्ष में खड़ा होना

रायपुर। अपराधियों, घोटालेबाजों से मिलने जाने वाले कोई और नहीं बल्कि भाजपा के लोग ही होते हैं। कोण्डागांव की घटना पर भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया जताते हुए राज्यसभा सांसद व प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्षा श्रीमती फूलोदेवी नेताम ने कहा कि भाजपा के नेता रेप के अपराधियों घोटालेबाजों से मिलने जाते हैं और कांग्रेस के नेता पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने पीड़िता को न्याय दिलाने और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए जाते हैं यही भाजपा और कांग्रेस में अंतर है। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य फूलोदेवी नेताम ने कहा कि कोंडागांव की घटना बेहद ही दुखद एवं निंदनीय है। लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। एसआईटी का गठन किया गया है। सात आरोपियों में पांच की गिरफ्तारी हो गई है। जांच में जो भी दोषी होंगे उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य फूलोदेवी नेताम ने कहा कि रमन सरकार में मंत्री रहे बृजमोहन अग्रवाल बताएं रमन सिंह के ओएसडी रहे ओपी गुप्ता जिस पर नाबालिक ने रेप का आरोप लगाया था उसे चार साल तक बचाने वाले कौन थे? रमन सरकार में रेप पीड़िता चार साल तक एफ़आईआर दर्ज कराने भटकती रही? भाजपा नेत्री जबिता मंडावी रेप पीड़िता का अपहरण करने के आरोप में गिरफ्तार की जाती है? रमन सरकार में गृह मंत्री रहे रामसेवक पैकरा के भतीजे पर दुष्कर्म का आरोप लगता है पीड़िता को एफ़आईआर कराने से रोका जाता है? प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य फूलोदेवी नेताम ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार पीड़िता को न्याय दिलाने और अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने और कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का काम कर रही है, तब भाजपा के नेताओं को राजनीति सूझ रही है।

23 से 5 जिलों में लगाया जाएगा जेई का टीका

रायपुर। जैपनीज इंसेफ्लाइटिस (जेई) के टीके 23 नवंबर से प्रदेश के पांच जिलों में लगाए जाएंगे। राज्य सरकार ने जेई टीकाकरण अभियान के लिए 23 नवंबर से 18 दिसंबर की अवधि निर्धारित की है। इसे लेकर गुरूवार को राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्लई की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जेई टीकाकरण संबंधित तैयारियों के साथ ही संभावित परेशानियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। हर दौरान अपर मुख्य सचिव ने जेई अभियान में 1 वर्ष से 15 वर्ष तक के लक्षित सभी बच्चों को जैपनीज इंसेफ्लायटिस (जेई) का टीका अनिवार्य रूप से लगाए जाने और अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है जैपनीज इंसेपलायटिस (जेई) एक गंभीर बीमारी है, जिसके 70 प्रतिशत रोगी या तो मृत हो जाते हैं अन्यथा दीर्घकालिक न्यूरोलॉजिकल विकलांगता से ग्रसित हो जाते हैं।

सीएम को कांकेर घटना के संबंध में पत्रकारों के जांच दल ने सौंपी रिपार्ट

मुख्यमंत्री ने बस्तर पुलिस महानिरीक्षक को दिए जांच रिपोर्ट का परीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से शनिवार को उनके निवास कार्यालय में कांकेर पत्रकारों के साथ हुई घटना से संबंधित तथ्यों के अन्वेषण हेतु राज्य शासन द्वारा गठित की गई उच्च स्तरीय जांच दल ने मुलाकात कर उन्हें अपनी रिपोर्ट सौंप दी। मुख्यमंत्री ने बस्तर के पुलिस महानिरीक्षक को जांच रिपोर्ट भेजते हुए इसका परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

इस अवसर पर पत्रकारों की उच्च स्तरीय जांच दल के अध्यक्ष राजेश जोशी, संपादक नवभारत रायपुर के साथ ही जांच दल के सदस्य अनिल द्विवेदी, सम्पादक आज की जनधारा रायपुर, सुरेश महापात्र सम्पादक बस्तर इम्पेक्ट दंतेवाड़ा, सुश्री शगुफ्ता शीरीन सहायक संपादक, राष्ट्रीय हिन्दी मेल और रूपेश गुप्ता संवाददाता स्वराज्य एक्सप्रेस रायपुर उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री को सौंपी गई जांच रिपोर्ट में 16 पेज का मूल प्रतिवेदन तथा 450 पेज के अन्य दस्तावेज शामिल हैं।

मंत्री सिंहदेव रेडियो पर बैंक सखी के कार्यों के बारे में बताएंगे

■ आकाशवाणी रायपुर से 'हमर ग्रामसभा' का प्रसारण 11 अक्टूबर को, छत्तीसगढ़ी के साथ हलबी, सरगुजिहा और कुड़ुख में भी होगा प्रसारित

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव दूरस्थ अंचलों में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करा रहीं बैंक सखियों के बारे में रेडियो पर जानकारी देंगे। वे 11 अक्टूबर को शाम साढ़े सात बजे से आठ बजे तक आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित विशेष कार्यक्रम 'हमर ग्रामसभा' में इसके बारे में विस्तार से बताएंगे। इस कार्यक्रम को मीडियम वेब 981 किलोहर्ट्ज पर सुना जा सकता है। प्रदेश में स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र एक साथ इस कार्यक्रम को रिले करेंगे।

आकाशवाणी के अंबिकापुर केंद्र से छत्तीसगढ़ी और सरगुजिहा में, रायगढ़ केंद्र से छत्तीसगढ़ी और कुड़ुख में तथा जगदलपुर केंद्र से छत्तीसगढ़ी और हलबी बोली में कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। शेष केंद्रों से छत्तीसगढ़ी में इसका प्रसारण होगा। उल्लेखनीय है कि विभागीय योजनाओं की जानकारी देने और इनका लाभ उठाने लोगों को प्रेरित करने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान, निमोरा द्वारा तैयार साप्ताहिक रेडियो कार्यक्रम 'हमर ग्रामसभा' का आकाशवाणी रायपुर द्वारा हर रविवार शाम साढ़े सात बजे से आठ बजे तक प्रसारण किया जाता है।

परिचित ने गोदाम से किया स्क्रेप में अफरा-तफरी

रायपुर। लोहा व्यवसायी को परिचित ने स्क्रेप रखवाकर अफरा-तफरी कर दिया व मोबाईकल फोन पर जान से मारने की धमकी देकर गाली-गलोच किया। घटना की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान पता डी/3, विला कैलिफोर्निया अमलेश्वर निवासी अमर कुमार अग्रवाल 35 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी ने जनवरी/2020 से मार्च 2020 तक बंटी ऊर्फ करन शर्मा के साथ स्क्रेप को रखने व उसे अन्य कंपनी में बिक्री करने के लिये व्यवसाय चालू किया था। उरला क्षेत्र में परिचित के गोदाम मेटल पार्क में एवं ट्रांसपोर्ट नगर के गोदाम में खरीदे गये स्क्रेप को रखवाया दिया था व गोदाम चाभी परिचीत चाबी बंटी ऊर्फ करन शर्मा के पास रहता था, इसी बीच बंटी ऊर्फ करन शर्मा ने खरीदे स्क्रेप को अफरा तफरी कर दिया । स्क्रेप खरीदने 11,50,000/- रूपये लगे है, जिसका पेमेंट प्रार्थी के खाता से हुआ है। इस संबंध में प्रार्थी ने आरोपी करन शर्मा से बात किया तब आरोपी ने पैसा लौटाने का आश्वासन दिया। लेकिन बाद में आरोपी के मोबाईल नंबर 9826176200 एवं 9752772030 पर कॉल करने पर अश्लील गाली-गलोच कर जान से मारने की धमकी देकर पैसा लोटाने से इंकार कर दिया।

गणेशोत्सव की तरह इस बार दुर्गोत्सव भी गाइड लाइन पर

■ शहर के अधिकांश स्थानों पर नहीं होगी प्रतिमा स्थापना

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। नवरात्रि पर्व को महज सप्ताह भर का समय शेष रह गया है। लेकिन वर्तमान में जारी कोरोना संक्रमण और इसे रोकने के लिए शासन-प्रशासन से जारी सख्त दिशा-निर्देश के चलते इस बार नवरात्रि पर्व का उत्साह नजर नहीं आ रहा है। प्रतिमा स्थापना, पंडाल निर्माण और इसके बाद सुरक्षा मानको को इतना कड़ा कर दिया गया है कि अधिकांश दुर्गोत्सव समितियां इस बार केवल मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित कराने की मंशा बना चुके हैं। लिहाजा यह कहना गलत नहीं होगा कि गणेश उत्सव की तरह इस वर्ष नवरात्रि जैसा बड़ा और महत्वपूर्ण पर्व भी कोरोना काल की भेंट चढ़ जाएगा। शहर में नवरात्रि पर्व को लेकर कोई विशेष उत्साह नजर नहीं आ रहा है। चौक-चौराहें सूने हैं, बाजारों में जरूर रौनक बढ़ी है लेकिन पर्व को लेकर लोगों में उत्साह नजर नहीं आ रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह कोरोना संक्रमण है। इस संक्रमण को रोकने के लिए शासन-प्रशासन से जारी गाइडलाइन और दिशा-निर्देश इतने सख्त हैं कि इस बार अधिकांश दुर्गोत्सव समितियों ने प्रतिमा स्थापना न करने का मन बना लिया है। शायद यही वजह है कि इस बार शहर के प्रत्येक मोहल्लों में स्थापित होने वाली माता की प्रतिमाएं इस बार स्थापित नहीं हो पाएंगी। प्रतिमा की ऊंचाई से लेकर पंडाल की साईज, श्रद्धालुओं की संख्या, समितियों के सदस्यों की संख्या आदि सब कुछ तय कर दिया गया है।

लक्ष्य जल जीवन मिशन कार्य के तहत घरों में पेयजल आपूर्ति के लिए कार्य योजना तैयार : मंत्री गुरु रूद्रकुमार

42 लाख से अधिक परिवारों को मिलेगा मुफ्त नल कनेक्शन

■ सितंबर 2023 तक ग्रामीण क्षेत्रों में सभी घरों तक नल कनेक्शन देने का लक्ष्य

■ 7080 करोड़ रूपए के विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए इम्पेनल्ड निविदाकारों की सूची जारी

नव प्रदेश संवादाता

रायपुर। राज्य के वनांचलों, अनुसूचित जाति बहुल गांवों और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले 24 लाख 54 हजार परिवारों को घर-घर नल कनेक्शन देने काम अगले तीन साल में पूरा करने का लक्ष्य है। जल जीवन मिशन के तहत इन परिवारों को निशुल्क नल कनेक्शन दिए जाएंगे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में इस कार्य को तेजी से पूरा करने की कार्ययोजना लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बनाई गई है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में शुध्द पेयजल की आपूर्ति के लिए कार्ययोजना के अनुसार निविदाकारों को प्रशासकीय स्वीकृति के आधार पर कार्य दिए जा रहे हैं।

मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा के लिए 9485.60 करोड़ रूपए के लागत वाले उच्चस्तरीय जलागार निर्माण, पाईप लाइन विस्तार, सिविल वर्क, घरेलू कनेक्शन, क्लोरिनेटर एवं पॉवर पंप स्थापना के कार्य के लिए निविदाकारों को काम दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में पहली बार मंत्रिमण्डल के अनुमोदन के उपरांत निविदाकारों के लिए रूचि की अभिरूचि के माध्यम से दरें प्राप्त कर औचित्य दर प्रतिपादित की गई। उन्होंने बताया कि राज्य के ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से तय समय-सीमा सितंबर 2023 तक पेयजल प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। द्वितीय चरण में जल जीवन मिशन के कार्यों के लिए दर अनुबंध (कान्ट्रेक्ट) करने वाले 1326 इम्पेनल्ड निविदाकारों की सूची विभाग द्वारा जारी की गई है, इन निविदाकारों को जल्द ही प्रशासकीय स्वीकृति के आधार पर 7080 करोड़ रुपए के कार्य दिए जाएंगे।

मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी विभागों को निर्माण कार्यों के लिए नए एसओआर लागू करने कहा था लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सबसे पहले राज्य में अपना नया यूएसओआर-2020 जारी कर निर्माण-संधारण संबंधी कार्य में लागू किया गया है। नए एसओआर की दरें लागू होने से पेयजल आपूर्ति संबंधी अद्योसंरचना के निर्माण में कम राशि खर्च होगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था के लिए पहली बार वृह्द स्तर पर टंकी निर्माण, पाईपलाइन बिछाने के कार्य और घरेलू कनेक्शन इत्यादि कार्य तेजी से होगा।

राज्य में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा के आसार

■ राजधानी रायपुर में हल्की बारिश ने दिलाई उमस से राहत

रायपुर। दक्षिण पश्चिम मानसून की विदाई शुरू हो चुकी है। आज राजधानी में दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला और देखते ही देखते हल्की बारिश शुरू हो गई। इस बार मानसून की विदाई कुछ विलंब के साथ होगी।

मौसम विभाग ने शनिवार को प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने या गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई थी। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना जताई गई थी। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने कहा है कि इससे अधिकतम तापमान में मामूली वृद्धि होने की संभावना है। कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। उन्होंने पूर्वानुमान जारी कर कहा था कि तटीय आंध्र प्रदेश और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई पर चक्रीय चक्रवाती घेरा और एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर अंडमान से और उसके आसपास पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी पर बना । इसके साथ चक्रीय चक्रवाती घेरा मध्य क्षोभ मण्डल (वायुमंडल) लेवल तक विस्तारित है। इसके और अधिक प्रबल होकर और गहरा अवदाब के रूप में मध्य बंगाल की खाड़ी कल तक पहुंचने की संभावना है। इसके बाद यह तंत्र पश्चिम उत्तर पश्चिम की ओर आगे बढ़ते हुए उत्तर आंध्र प्रदेश तट तक गहरा अवदाब के रूप में 12 अक्टूबर तक पहुंचने की संभावना है।

मन और तन को शांत करती शक्ती की अराधना

नवरात्रि में देवी शक्तिपीठ पर आयोजित होता है मेला

नवरात्रि उत्सव देवी अंबा (विद्युत) का प्रतिनिधित्व है। वसंत की शुरुआत और शरद ऋतु की शुरुआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते है। त्योहार की तिथियाँ चंद्र कैलेंडर के अनुसार निर्धारित होती हैं। नवरात्रि पर्व, माँ-दुर्गा की अवधारणा भक्ति और परमात्मा की शक्ति (उदात्त, परम, परम रचनात्मक ऊर्जा) की पूजा का सबसे शुभ और अनोखा अवधि माना जाता है। यह पूजा वैदिक युग से पहले, प्रागैतिहासिक काल से चला आ रहा है। ऋषि के वैदिक युग के बाद से, नवरात्रि के दौरान की भक्ति प्रथाओं में से मुख्य रूप गायत्री साधना का हैं। नवरात्रि में देवी के शक्तिपीठ और सिद्धपीठों पर भारी मेले लगते हैं । माता के सभी शक्तिपीठों का महत्व अलग-अलग हैं। लेकिन माता का स्वरूप एक ही है। कहीं पर जम्मू कटरा के पास वैष्णो देवी बन जाती है।

नवरात्रि हिंदुओं का एक प्रमुख पर्व है। नवरात्रि शब्द एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ होता है 'नौ रातें'। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान, शक्ति / देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवाँ दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। नवरात्रि वर्ष में चार बार आता है। पौष, चैत्र, आषाढ,अश्विन मास में प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों - महालक्ष्मी, महासरस्वती या सरस्वती और महाकाली के नौ स्वरुपों की पूजा होती है जिनके नाम और स्थान क्रमशः इस प्रकार है नंदा देवी योगमाया(विंध्यवासिनी शक्तिपीठ), रक्तदंतिका(सथूर),शाकम्भरी(सहारनपुर शक्तिपीठ), दुर्गा(काशी),भीमा(पिंजौर) और भ्रामरी(भ्रमराम्बा शक्तिपीठ) नवदुर्गा कहते हैं। नवरात्रि एक महत्वपूर्ण प्रमुख त्योहार है जिसे पूरे भारत में महान उत्साह के साथ मनाया जाता है।

माता के नौ रूप

शैलपुत्री - इसका अर्थ- पहाड़ों की पुत्री होता है।
ब्रह्मचारिणी - इसका अर्थ- ब्रह्मचारीणी।
चंद्रघंटा - इसका अर्थ- चाँद की तरह चमकने वाली।
कूष्माण्डा - इसका अर्थ- पूरा जगत उनके पैर में है।
स्कंदमाता - इसका अर्थ- कार्तिक स्वामी की माता।
कात्यायनी - इसका अर्थ- कात्यायन आश्रम में जन्मि।
कालरात्रि - इसका अर्थ- काल का नाश करने वली।
महागौरी - इसका अर्थ- सफेद रंग वाली मां।
सिद्धिदात्री - इसका अर्थ- सर्व सिद्धि देने वाली।

नवरात्रि भारत के विभिन्न भागों में अलग ढंग से मनायी जाती है। गुजरात में इस त्योहार को बड़े पैमाने से मनाया जाता है। गुजरात में नवरात्रि समारोह डांडिया और गरबा के रूप में जान पड़ता है। यह पूरी रात भर चलता है। डांडिया का अनुभव बड़ा ही असाधारण है। देवी के सम्मान में भक्ति प्रदर्शन के रूप में गरबा, 'आरती' से पहले किया जाता है और डांडिया समारोह उसके बाद। पश्चिम बंगाल के राज्य में बंगालियों के मुख्य त्यौहारो में दुर्गा पूजा बंगाली कैलेंडर में, सबसे अलंकृत रूप में उभरा है। इस अदभुत उत्सव का जश्न नीचे दक्षिण, मैसूर के राजसी क्वार्टर को पूरे महीने प्रकाशित करके मनाया जाता है।

भ्रांती का रूप भी होती है मां

देवी माँ को सिर्फ बुद्धि के रूप में ही नहीं जाना जाता, बल्कि भ्रांति के रूप में भी; वह न सिर्फलक्ष्मी (समृद्धि) है, वह भूख (क्षुधा) भी हैं और प्यास (तृष्णा) भी है। सम्पूर्ण सृष्टि में देवी माँ के इस दोहरे पहलू को पहचान कर एक गहरी समाधि लग जाती है। यह पश्चिम में चले आ रहे सदियों के पुराने धार्मिक संघर्ष का भी एक उत्तर है। ज्ञान, भक्ति और निष्काम कर्म के द्वारा अद्वैत सिद्धि प्राप्त की जा सकती है अथवा इस अद्वैत चेतना में पूर्णता की स्थिति प्राप्त की जा सकती है।

नवरात्रि त्योहार का स्त्रोत

वैदिक विज्ञान के अनुसार पदार्थ अपने मूल रूप में वापिस आकर फिर से अपनी रचना करता है। यह सृष्टि सीधी रेखा में नहीं चल रही है बल्कि यह चक्रीय है, प्रकृति के द्वारा हर वस्तु का नवीनीकरण हो रहा है- कायाकल्प की यह एक सतत प्रक्रिया है। नवरात्रि का त्यौहार अपने मन को वापिस अपने स्त्रोत की ओर ले जाने के लिए है। प्रार्थना, मौन, उपवास और ध्यान के माध्यम से जिज्ञासु अपने सच्चे स्त्रोत की ओर यात्रा करता है। रात को भी रात्रि कहते हैं क्योंकि वह भी नवीनता और ताज़गी लाती है। वह हमारे अस्तित्व के तीन स्तरों पर राहत देती है- स्थूल शरीर को, सूक्ष्म शरीर को, और कारण शरीर को। उपवास के द्वारा शरीर विषाक्त पदार्थ से मुक्त हो जाता है, मौन के द्वारा हमारे वचनों में शुद्धता आती है और बातूनी मन शांत होता है, और ध्यान के द्वारा अपने अस्तित्व की गहराइयों में डूबकर हमें आत्मसाक्षात्कार मिलता है। यह आंतरिक यात्रा हमारे बुरे कर्मों को समाप्त करती है। नवरात्रि प्राणों का उत्सव है जिसके द्वारा ही महिषासुर (अर्थात जड़ता), शुम्भ-निशुम्भ (अहंकार और शर्म) और मधु-कैटभ (अत्यधिक राग-द्वेष) को नष्ट किया जा सकता है। वे एक दूसरे से पूर्णतः विपरीत हैं, फिर भी एक दूसरे के पूरक हैं। जड़ता, गहरी नकारात्मकता और मनोग्रस्तियाँ (रक्तबीजासुर), बेमतलब का वितर्क (चंड-मुंड) और धुँधली दृष्टि (धूम्रलोचन) को केवल प्राण ऊर्जा के स्तर को ऊपर उठाकर ही दूर किया जा सकता है।

नवरात्रि त्योहार का अर्थ

नवरात्रि के नौ दिन तीन मौलिक गुणों से बने इस ब्रह्मांड में आनन्दित रहने का भी एक अवसर है। यद्यपि हमारा जीवन इन तीन गुणों के द्वारा ही संचालित है, हम उन्हें कम ही पहचान पाते हैं या उनके बारे में विचार करते हैं। नवरात्रि के पहले तीन दिन तमोगुण के हैं, दूसरे तीन दिन रजोगुण के और आखिरी तीन दिन सत्त्व के लिये हैं। हमारी चेतना इन तमोगुण और रजोगुण के बीच बहती हुई सत्वगुण के आखिरी तीन दिनों में खिल उठती है। जब भी जीवन में सत्व बढ़ता है, तब हमें विजय मिलती है। इस ज्ञान का सारतत्व जश्न के रूप में दसवें दिन विजयदशमी द्वारा मनाया जाता है। यह तीन मौलिक गुण हमारे भव्य ब्रह्मांड की स्त्री शक्ति माने गये हैं। नवरात्रि के दौरान देवी माँ की पूजा करके हम त्रिगुणों में सामंजस्य लाते हैं और वातावरण में सत्व के स्तर को बढ़ाते हैं। हालाकि नवरात्रि बुराई पर अच्छाई की विजय के रूप में मनायी जाती है, परंतु वास्तविकता में यह लड़ाई अच्छे और बुरे के बीच में नहीं है। वेदांत की दृष्टि से यह द्वैत पर अद्वैत की जीत है। जैसा अष्टावक्र ने कहा था - लहर अपनी पहचान को समुद्र से अलग रखने की लाख कोशिश करती है, लेकिन कोई लाभ नहीं होता।

इस स्थूल संसार के भीतर ही सूक्ष्म संसार समाया हुआ है, लेकिन उनके बीच अलगाव की भावना ही द्वंद का कारण है। एक ज्ञानी के लिए पूरी सृष्टि जीवंत है। जैसे बच्चों को सब कुछ जीवित ही जान पड़ता है, ठीक उसी प्रकार उसे भी सब में जीवन दिखता है। देवी माँ या शुद्ध चेतना ही हर नाम और रूप में व्याप्त हैं। हर नाम और हर रूप में एक ही देवत्व को जानना ही नवरात्रि का उत्सव है। आखिर के तीन दिनों के दौरान विशेष पूजाओं के द्वारा जीवन और प्रकृति के सभी पहलुओं का सम्मान किया जाता है। काली माँ प्रकृति की सबसे भयानक अभिव्यक्ति हैं। प्रकृति सौंदर्य का प्रतीक है, फिर भी उसका एक भयानक रूप भी है। इस द्वैत यथार्थ को मानकर मन में एक स्वीकृति आ जाती है और मन को आराम मिलता है।

गरबा दीपगर्भ भी कहलाता

गरबा को लोग पवित्र परंपरा से जोड़ते हैं और ऐसा कहा जाता है कि यह नृत्य मां दुर्गा को काफी पसंद हैं इसलिए नवरात्रि के दिनों में इस नृत्य के जरिये मां को प्रसन्न करने की कोशिश की जाती है। इसलिए घट स्थापना होने के बाद इस नृत्य का आरंभ होता है। इसलिए आपको हर डांडिया नाईट में काफी सजे हुए घट दिखायी देते हैं। जिस पर दिया जलाकर इस नृत्य का आरंभ किया जाता है। यह घट दीपगर्भ कहलाता है और दीपगर्भ ही गरबा कहलाता है।

गुजरात का गरबा है लोकप्रीय

गरबा नृत्य गुजरात राज्य का एक लोकप्रिय लोक नृत्य है, जो गीत, नृत्य और नाटक की समृद्ध परम्परा का निरुपण करता है। यह मिट्टी के मटके, जिसे गरबो कहते हैं, को पानी से भर कर इसके चारों ओर महिलाओं द्वारा किया जाने वाला नृत्य है। मटके के अंदर एक सुपारी और चाँदी का सिक्का रखा जाता है, जिसे कुम्भ कहते हैं। इसके ऊपर एक नारियल रखा जाता है। नृत्य करने वाली महिलाएँ मटके के चारों ओर गोल घूमती हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मीडिया पे इतने

मीडिया पे इतने यहां, सवालात क्यों है वादा था बेहतरी का, बुरी हालात क्यों है घटना है एक जिसे, देख रहे और सुन रहे मगर कारण बताने , अलग खयालात क्यों है लूट रही है अस्मत , बात इसपे होती तो ,बात थी लूटी हुई इज्जत पे, धर्म और जात क्यों है।

- संत आर थवाईत

नींद में ख्वाब वो बो

नींद में ख्वाब वो बो गया दाग ग़म के सभी धो गया नाज़ था प्यार जिससे बड़ा बेवफ़ भीड़ में खो गया चांदनी याद करती जिसे चाँद वो ओट में हो गया बांसुरी की दिवानी बनी राधिका का किशन सो गया फासले बढ़ गए दरमियां था अभी तो यहीं लो गया पूछती नज़र हर डगर पे राह का हर शज़र रो गया।

- ज्योत्सना सक्सेना

.ख़ास पाती.

हमें विश्वास है देश की



हमें विश्वास है देश की सर्वोच्चता अखंडता और संप्रभुता में हां, हमें विश्वास है देश के शासन प्रशासन और अनुशासन में भीतब हमें विश्वास है मनीषा बाल्मीकि की मेडिकल रिपोर्ट में भी और यह भी कि उसके साथ रेप तो कदापि नहीं हुआ था वह तो यूं ही एक सुबह उठी अपने ही जिस्म के साथ खुद बखुद छेड़छाड़ की अपने गले की हड्डी तोड़ ली स्वयं को इतना लहूलुहान किया जितना कर सकती थी फिर अपनी जबान काट कर देश की नपुंसक मर्दानगी के हवाले कर दी और..... और..... मर गयी। **- ममता अमर**

आओ मन की बात करें कुछ

आओ मन की बात करें, कुछ कहने की शुरूआत करें जो अँधेरे बाँट रहे हैं, मिलकर उन पर घात करें... सत्य सहमा सिसक रहा है, साहस हर पल बिखर रहा है आशाओं का दीप भंवर में, जाने कैसे सिहर रहा है अस्तित्व बचाने इनका, सभी जतन दिन-रात करें..... झूठ सिंहासन पर बैठा है, बना हुआ देखो वाचाल तांडव करता है निसदिन वह, दे दे कर के ताल चलो उठायें आज मशालें, और खुशियों की बरसात करें।

- कवि सुशील भोले

मौला यूं ना किसी की दुनिया

मौला यूं ना किसी की दुनिया वीरान हो,, कि भीड़ से लदा शहर भी सुनसान हो,, मैं पागल हूं और हाथों में पत्थर भी हैं,, वो लोग बचें जिनके कांच के मकान हों, दबे पांव छोड़ जाएंगे आपकी दुनिया,, कह देना तू मुझसे ज़रा भी परेशान हो,, तुम मुझे स्कूल के दिनों से जानते हो,, फिर ऐसे क्यूं मिल रहे जैसे अनजान हों,, तू जाने दुख लड़कों के सो मैं चाहता हूं, तुम्हें लड़का हो, और जल्दी जवान हो।

- अनिल अनमोल शर्मा

कुछ भाव भरो अपने दिल में

कुछ भाव भरो अपने दिल में, ये जोड़- तोड़ अब नहीं करो। तुम सृजन करो नव छन्दों का, नव रस फिर उसमें आज भरो। ये छंद बहुत है सरल सहज, चल उठा कलम अर लिख डालो, भावों को दे दो शब्द महज़, मन में न कोई भ्रम पालो।।

- सुरेश पंसारी

ये रंगमंच ही मेरी ज़िन्दगी का

ये रंगमंच ही मेरी ज़िन्दगी का किरदार है जिस पर मेरे अपनों को मुझ पर नाज़ है। गिरा ना पायेगा रक़ीब मेरे वजूद और शख्सियत को मेरा ये किरदार चाहने वालों से बना है. नफ़रत करने वालों से नहीं।

- संगीता राठी

मेरी ना मे हाँ मिलाकर हां कह

मेरी ना मे हाँ मिलाकर, हाँ कह गए ये अधर.. ये केसा स्नेह तुहारा.... !!बंद कर दिए कपाट नैन के खोल दिए हृदय के द्वार ये केसा स्नेह तुम्हारा... !छुड़ा लिया हाथो से हाथ नमी रहने दी बरकरार ये केसा स्नेह तुम्हारा.. अपनत्व की छाया देकर अपनों से किया पराया ये केसा स्नेह तुम्हारा।

- किरन भण्डारी

वे हमारे निशाने पे , हम उनके

वे हमारे निशाने पे , हम उनके निशाने में हैं यकीनन, हम परस्पर दिल के ठिकाने में हैं खामोखां तनाव, कटुता व्यवहार से बेहतर जिंदगी जीने का असली मजा मुस्कुराने में है।

-परमेश्वर वैष्णव

QUIZ TIME

1) राज्य में महाराजा अग्रसेन सम्मान की स्थापना किस सन् में हुई थी?
2) रामगढ़ स्थित जोगीमारा गुफा अभिलेख में किस कला का संकेत है?
3) जनश्रुती के अनुसार श्रीराम ने शबरी के जूठे बेर किस स्थान पर खाया था?
4) बस्तर विश्वविद्यालय की प्रथम कुलपति डॉ. विजयलक्ष्मी ठाकुर है। बताइए बस्तर वि.वि. का स्थापना वर्ष क्या है?
5) छत्तीसगढ़ी लोक नाट्य नाचा को राष्ट्रीय मंच पर लाने का श्रेय किसे जाता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 2004 (2) मूर्तिकला (3) शिवरीनारायण (4) 2008 (5) दुलार सिंह साव

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1737 - कलकत्ता (अब कोलकाता) में सबसे खतरनाक चक्रवाती में लगभग तीन लाख लोगों की मौत। 1869 - अमेरिकी वैज्ञानिक थॉमस एडीसन ने अपनी पहली आविष्कार पर एक पेटेंट के लिए आवेदन किया। इस इलेक्ट्रिक मशीन का इस्तेमाल वोटों की गिनती के लिए किया गया था। 1881 - अमेरिकी आविष्कारक डेविड हेंडरसन हॉस्टन ने कैमरों के पहले रोल फिल्म का पेटेंट कराया। 1902 - लोकनायक के नाम से प्रसिद्ध राजनेता एवं स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण का जन्म। 1916 - राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मजबूत स्तंभ रहे एवं प्रख्यात समाजसेवक नानाजी देशमुख का जन्म। 1932 - न्यूयॉर्क में राजनीतिक अभियान के लिए पहला प्रसारण किया गया। 1939 - अमेरिकी राष्ट्रपति रूजवेल्ट ने अल्बर्ट आइंस्टीन को पत्र लिखकर अमेरिका के परमाणु कार्यक्रम को तेजी से विकसित करने का आग्रह किया। 1942 - हिंदी सिनेमा के महानायक अमिताभ बच्चन का जन्म। 1968 - अमेरिका का पहला मानवयुक्त ओपोलो मिशन 'अपोलो 7' के प्रक्षेपण का कक्षा से पहली बार टेलीविजन प्रसारण किया गया। 1984 - अमेरिकी अंतरिक्ष वैज्ञानिक कैथरीन डी सुलिवन अंतरिक्ष में सैर करने वाली पहली महिला अंतरिक्ष यात्री बनी। 1994 - अमेरिका में कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में समलैंगिक विरोधी अधिकारों को असंवैधानिक घोषित कर दिया। 2000 - दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड ने हैन्सी क्रोनिए पर आजीवन प्रतिबंध लगाया।

66 वर्ष की हुयी रेखा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाली रेखा आज 66 वर्ष की हो गयी। 10 अक्तूबर 1954 को मद्रास में जन्मीं रेखा .मूल नाम भानुरेखा गणेशन. को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता जैमिनी गणेशन. अभिनेता और मां पुष्पावली जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री थी। रेखा ने अपने करियर की शुरूआत बाल कलाकार के रूप में वर्ष 1966 में प्रदर्शित तेलुगु फिल्म ..रंगुला रतनम ..से की। दक्षिण भारतीय फिल्मों में अभिनेत्री के रूप में रेखा ने अपने करियर की शुरूआत कन्नड़ फिल्म 'गोदाली सी.आई.डी 999' से की। फिल्म में उनके नायक की भूमिका सुपरस्टार डा.राजकुमार ने निभाई थी। बतौर अभिनेत्री हिंदी फिल्मों में उनके सिने करियर की शुरूआत 1970 में प्रदर्शित फिल्म 'सावन भादो' से हुई। फिल्म में उनके नायक की भूमिका नवीन निश्चल ने निभायी। वर्ष 1976 में प्रदर्शित फिल्म 'दो अनजाने' रेखा के करियर की महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुयी। इस फिल्म में पहली बार उन्हें अमिताभ बच्चन के साथ काम करने का मौका मिला। वर्ष 1978 में प्रदर्शित फिल्म 'घर' रेखा के सिने करियर के लिये अहम फिल्म साबित हुयी। इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिये वह पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिये नामांकित की गयी।

वर्ष 1988 में प्रदर्शित फिल्म 'खून भरी मांग' रेखा की सुपरहिट फिल्मों में शुमार की जाती है। राकेश रोशन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिये रेखा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गयीं। 90 के दशक में रेखा ने फिल्मों में काम करना काफी हद तक कम कर दिया।

नीतू सिंह ने पुत्र रणबीर के गाने 'घाघरा' पर किया डांस

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री नीतू सिंह ने अपने पुत्र रणबीर कपूर पर फिल्माये गाने 'घाघरा' पर डांस किया है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर की पत्नी और रणबीर कपूर की मां नीतू सिंह (नीतू कपूर) सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहती हैं। नीतू सिंह सोशल मीडिया पर कुछ न कुछ पेस्ट कर फैन्स को जानकारी देती रहती हैं। इस बीच नीतू सिंह का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया है। वीडियो में नीतू अपने बेटे रणबीर कपूर की फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' के गाने 'घाघरा' पर जमकर डांस कर रही हैं। मशहूर कोरियोग्राफर राजेंद्र सिंह ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस वीडियो शेयर किया है। वीडियो में कोरियोग्राफर राजेंद्र सिंह नीतू सिंह को डांस के स्टेप्स सिखा रहे हैं।

सिनेमाघरों में रिलीज होगी 'दिल बेचारा'

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की आखिरी फिल्म 'दिल बेचारा' सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। ताजा मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 15 अक्टूबर से देशभर के कई हिस्सों में सिनेमाघरों के खुलने के बाद सुशांत की फिल्म 'दिल बेचारा' को भी रिलीज किया जा सकता है। मिड-डे की एक रिपोर्ट के अनुसार, डिजनी प्लस हॉटस्टार पर हिट रिलीज के बाद दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म 'दिल बेचारा', बड़े पर्दे पर रिलीज हो सकती है।

अक्षय कुमार को 'लक्ष्मी बॉम्ब' के बायकॉट का सता रहा डर

नई दिल्ली। बॉलीवुड में नेपोटिज्म और ड्रग्स कनेक्शन का मुद्दा गर्माया है। इस बीच अक्षय कुमार की फिल्म 'लक्ष्मी बॉम्ब' का ट्रेलर 9 अक्टूबर को रिलीज किया गया। ट्रेलर रिलीज से पहले मेकर्स ने एक खास कदम उठाया। दरअसल, ट्रेलर को लाइक और डिस्लाइक करने वालों की संख्या नजर नहीं आ रही है। ऐसे में सोशल मीडिया पर इस बात की खूब चर्चा हो रही है कि मेकर्स ने फिल्म के बायकॉट के डर से यह कदम उठाया है।

नवाजुद्दीन सिद्दीकी हुए हैं जाति व्यवस्था के शिकार

नई दिल्ली। नवाजुद्दीन सिद्दीकी उत्तर प्रदेश के एक छोटे से गांव से हैं। हाल ही में एक्टर ने एक इंटरव्यू के दौरान गांव में जाति भेदभाव को लेकर बात की। नवाजुद्दीन ने कहा, 'मेरी दादी छोटी जाति से ताल्लुक रखती थीं। आज भी मेरी दादी की वजह से उन्होंने हमें एक्सेप्ट नहीं किया है।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं फेमस हूं इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। यह उनके भीतर गहराई तक बसा हुआ है। उनके रगों में है। वे इसे अपना गौरव मानते हैं।' हाथरस मामले पर नवाजुद्दीन ने कहा, 'जो गलत है वह गलत है। हाथरस में जो हुआ उसके खिलाफहमारा कलाकार समुदाय भी बोल रहा है। नवाजुद्दीन ने एक इंटरव्यू के दौरान अपने सांवले रंग को लेकर कहा था, 'मैं इन फेयरनेस क्रीमों का इस्तेमाल करते हुए ही बड़ा हुआ हूं। मैंने खुद को गोरा करने के लिए बहुत समय बर्बाद किया।'

जोकोविच का यह 27वां ग्रैंड स्लेम फाइनल

जोकोविच और नडाल के बीच ब्लॉकबस्टर फाइनल

पेरिस (वार्ता)। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच और क्ले कोर्ट के बेताज बादशाह तथा 12 बार के विजेता स्पेन के राफेल नडाल के बीच क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लेम फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट का ब्लॉकबस्टर खिताबी मुकाबला रविवार को खेला जाएगा।

शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त यूनान के स्तेफानोस सितसिपास को पांच सेटों के संघर्ष में 6-3, 6-2, 5-7, 4-6, 6-1 से हराया और पांचवीं बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में प्रवेश किया जबकि विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नडाल ने 12वीं वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्ट्जमैन को लगातार सेटों में 6-3, 6-3, 7-6 (0) से हराकर 13वीं बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनायी। जोकोविच फ्रेंच ओपन में पांच या उससे ज्यादा बार फाइनल में पहुंचने वाले सातवें खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे आगे ब्योर्न बोर्ग (छह बार) और नडाल (13 बार) हैं। जोकोविच अब 18वें ग्रैंड स्लेम खिताब और नडाल स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर के 20 ग्रैंड स्लेम खिताबों के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने से एक कदम दूर रह गए हैं। जोकोविच और नडाल के बीच करियर का यह 56वां मुकाबला होगा। अब तक हुए 55 मुकाबलों में जोकोविच ने 29 और नडाल ने 26 मुकाबले जीते हैं। यह दिलचस्प है कि फ्रेंच ओपन में दोनों खिलाड़ियों के बीच सात बार मुकाबला हुआ है जिसमें छह बार नडाल जीते हैं। जोकोविच ने 2015 के क्वार्टरफाइनल में नडाल को पराजित किया था। नडाल फ्रेंच ओपन में 101 मैचों में 99 मैच जीत चुके हैं। उन्हें फ्रेंच ओपन में हराने वाले एक अन्य खिलाड़ी रोबिन सोडरलिंग हैं।

जोकोविच ने अपना सेमीफाइनल मुकाबला तीन घंटे 54 मिनट में जीता। जोकोविच ने पहले दो सेट आसानी से जीत लिए थे और ऐसा लग रहा था कि वह मैच जल्द ही समाप्त कर देंगे। जोकोविच तीसरे सेट में 5-4 के स्कोर पर मैच के लिए सर्विस कर रहे थे लेकिन सितसिपास ने शानदार वापसी करते हुए तीसरा और चौथा सेट जीतकर मैच को पांचवें और निर्णायक सेट में पहुंचा दिया। पांच सेटों के महारथी माने जाने वाले जोकोविच तीसरे और चौथे सेट में घुटने से कुछ परेशान दिखाई दिए जिसका सितसिपास ने पूरा फायदा उठाया।

फिक्की पर 20 लाख रूपये का जुर्माना

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली सरकार ने भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल महासंघ (फिक्की) पर प्रदूषण नियमों के उल्लंघन करने पर शनिवार को 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

राज्य सरकार की प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने फिक्की पर यह जुर्माना लगाया है। फिक्की पर यह जुर्माना पर्यावरण नियमों का पालन नहीं करने पर लगाया गया है। डीपीसीसी ने इतनी बड़ी राशि का दंड लगाने के साथ ही कड़े निर्देश दिए हैं कि मंडल अपने मंडी हाउस के निकट स्थित परियोजना स्थल पर एंटी-स्मॉग गन का इस्तेमाल किये बिना कोई भी निर्माण या इमारत ढहाने का काम भी नहीं शुरू कराये। गौरतलब है कि शुक्रवार को ही राज्य सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा था कि फिक्की ऑडिटोरियम को गिराने के काम में जुटी एजेंसी को नोटिस भेजा जाएगा।

जीएसटीआर-9 और जीएसटीआर 9सी भरने की तिथि बढ़ाई गई

नई दिल्ली (वार्ता)। वित्त वर्ष 2018-19 के लिए वार्षिक रिटर्न (जीएसटीआर-9) और मिलान विवरण (जीएसटीआर 9सी) भरने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 अक्टूबर कर दी गयी है। वित्त मंत्रालय ने आज यहां कहा कि वर्ष 2018-19 (तालिका 4, 5, 6 और 7) के लिए स्वतः भरे हुए जीएसटीआर 9 में वित्त वर्ष 2017-18 का डेटा भी शामिल है। हालांकि करदाताओं ने वित्त वर्ष 2017-18 के लिए यह जानकारी पहले ही वित्त वर्ष 2017-18 के लिए भरे गए वार्षिक रिटर्न (जीएसटीआर 9) में उपलब्ध करा दी है और 2018-19 के लिए प्रपत्र जीएसटीआर-9 में दो वर्षों (2017-18 और 2018-19) को अलग-अलग दिखाने की कोई व्यवस्था नहीं है। करदाताओं को सिर्फ वित्त वर्ष 2018-19 से संबंधित मूल्य और वित्त वर्ष 2017-18 से संबंधित मूल्य सूचित करने की आवश्यकता है, जिसे पहले ही सूचित कर दिया गया हो या नजरंदाज कर दिया गया हो।

कोल इंडिया अध्यक्ष ने की दो एएलएस एंबुलेंस सीसीएल कर्मियों को समर्पित

रांची (वार्ता)। कोल इंडिया लिमिटेड (सीसीएल) के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से लैस दो एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस को सीसीएल के अस्पतालों को समर्पित किया। इस तरह अब तक सीसीएल ने अपने कर्मियों को तत्काल चिकित्सा मुहैया कराने के लिए ऐसे कुल सात एएलएस एंबुलेंस अपने अस्पतालों में दिये हैं।

इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि एंबुलेंससेवा से चिकित्सा क्षेत्र और अधिक मजबूत हुआ है और जरूरतमंदों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा मिलेगी। सीसीएल के कहना है कि आधुनिक उपकरण से लैस इन एम्बुलेंस से कंपनी के कर्मी लाभान्वित होंगे। कंपनी का कहना है कि उसके दो अस्पतालों में कोविड संक्रमितों का उपचार चल रहा है और अब तक 10 हजार से अधिक कोरोना संक्रमितों का सफलतापूर्वक उपचार किया जा चुका है। इस अवसर पर सीसीएल के कई वरिष्ठ अधिकारी, श्रमिक संघ के प्रतिनिधि एवं कर्मी सामाजिक दूरी का पालन करते हुये उपस्थित थे। श्री अग्रवाल ने इससे पहले शुक्रवार को सीसीएल के कार्य-निष्पादन की समीक्षा बैठक की। बैठक में श्री अग्रवाल ने क्षेत्रिय महाप्रबंधकों से वर्चुअल माध्यम से सीधा संवाद किया और उन्होंने सभी महाप्रबंधकों को प्रेरित करते हुये कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में कोयला उत्पादन एवं प्रेषण पर विशेष ध्यान दें ताकि कंपनी अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सके।

एएआई के चार हवाई अड्डों को सम्मान

नई दिल्ली (वार्ता)। सरकारी कंपनी भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के चार हवाई अड्डों को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा परिषद् की रैंकिंग में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया गया है। एएआई द्वारा प्रबंधित लखनऊ, चंडीगढ़, त्रिवेंद्रम् और मेंगलुरु हवाई अड्डों का विभिन्न श्रेणियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। एसीआई द्वारा जारी सूची में सम्मानित इन हवाई अड्डों को प्राधिकरण के अध्यक्ष अरविंद सिंह ने पुरसकार प्रदान किये। एशिया प्रशांत क्षेत्र में 20 लाख से 50 लाख यात्रियों की सालाना आवाजाही वाले सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डों में चंडीगढ़, मेंगलुरु और त्रिवेंद्रम् हवाई अड्डों को जगह मिली है। एशिया प्रशांत क्षेत्र में 20 लाख से 50 लाख यात्रियों के वर्ग में चंडीगढ़ हवाई अड्डे को सर्वश्रेष्ठ माहौल, सर्वश्रेष्ठ ग्राहक सेवा और सर्वश्रेष्ठ बुनियादी ढाँचा वाले हवाई अड्डों की श्रेणियों में चुना गया है।

पाकिस्तान की एक महिला क्रिकेटर कोरोना से संक्रमित

कराची (वार्ता)। कोरोना वायरस के बाद हाई परफॉरमेंस शिविर से पहले पाकिस्तान महिला टीम की एक क्रिकेटर कोरोना वायरस से संक्रमित पायी गयी हैं। इसका आयोजन कराची में शनिवार से शुरु होगा। जो खिलाड़ी कोरोना वायरस से संक्रमित पायी गयी हैं उनकी पहचान नहीं बतायी गयी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बताया कि कोरोना पॉजिटिव खिलाड़ी को एहितायत के तौर पर जैविक सुरक्षा प्रोटोकॉल से बाहर कर दिया गया है। इसके अलावा एक अन्य खिलाड़ी और खिलाड़ी के सहायक स्टाफ को कोरोना के लक्षण दिखने के बाद एहतियातन जैव सुरक्षा से बाहर कर दिया गया है। पीसीबी ने बयान जारी कर कहा कि टीम के तीन सदस्यों के हालात की बोर्ड का मेडिकल पैनल लगातार जांच करेगा। पीसीबी के कोरोना प्रोटोकॉल के तहत इन तीन सदस्यों का कोरोना टेस्ट नेगेटिव आने पर यह सदस्य दोबारा टीम से जुड़ सकते हैं।

लगातार आठवें दिन स्थिर रहीं पेट्रोल और डीजल की कीमतें

नई दिल्ली (वार्ता)। पेट्रोल और डीजल के दामों में शनिवार को लगातार आठवें दिन भी कोई घटबढ़ नहीं हुई। डीजल की कीमत में एक और दो अक्टूबर को गिरावट रही थी । डीजल का दाम पिछले आठ दिन से और पेट्रोल की कीमत आज लगातार 18 वें दिन भी स्थिर रही। पिछले एक माह में डीजल तीन रुपये प्रति लीटर से अधिक सस्ता हो चुका है। विश्व में कोरोना वायरस के चलते अभी तक कच्चे तेल की मांग में बढ़ोतरी नहीं हुई है। तेल विपणन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी इंडियन आयल के अनुसार आज दिल्ली में पेट्रोल 81.06 रुपये जबकि डीजल 70.46 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। वाणिज्यिक नगरी मुंबई में पेट्रोल 87.74 रुपये प्रति लीटर और डीजल 76.86 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। कोलकाता में पेट्रोल 82.59 रुपये प्रति लीटर और डीजल 73.99 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रहा। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 84.14 रुपये प्रति लीटर और डीजव 75.99 रुपये प्रति लीटर पर टिकी रही।

आईपीएल - 2020 : स्टोक्स के आने से राजस्थान का बल्लेबाजी आक्रमण पहले से मजबूत

ऑस्ट्रेलिया के दो दिग्गजों वार्नर और स्मिथ में होगा मुकाबला

डेविड वार्नर की कप्तानी वाली सनराइजर्स हैदराबाद रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफजीत की राह पर आगे बढ़ने और पिछले मुकाबले में हार झेलने वाली स्टीवन स्मिथ के नेतृत्व वाली राजस्थान की टीम वापसी के लिए उतरेगी। यह मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के दो दिग्गजों वार्नर और स्मिथ का भी मुकाबला होगा।

दुबई (वार्ता)। हैदराबाद ने पिछले मुकाबले में किंग्स इलेवन पंजाब को 69 रन से हराया था जबकि राजस्थान को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में 46 रन से हार का सामना करना पड़ा था। हैदराबाद को पंजाब के खिलाफ बड़ी जीत हासिल हुई थी और वह अपनी लय को बरकरार रखते हुए आगे बढ़ना चाहेगा जबकि राजस्थान की टीम पिछली हार को भुलाकर वापसी करना चाहेगी। हैदराबाद की टीम छह मैचों में तीन जीत, तीन हार के साथ छह अंक लेकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है जबकि राजस्थान की टीम छह मुकाबलों में दो जीत और चार हार के साथ चार अंक लेकर सातवें नंबर पर है। हैदराबाद ने पंजाब के खिलाफ बेहतरीन शुरुआत की थी और सलामी जोड़ी डेविड वार्नर (52) और जॉनी बेयरस्टो (97) ने पहले विकेट के लिए 160 रन की मजबूत शुरुआत दिलायी थी। हालांकि वार्नर और बेयरस्टो के आउट होने के बाद हैदराबाद की पारी लड़खड़ा गयी थी और पंजाब उसे 201 के स्कोर पर रोकने में सफल रहा था।

शीर्ष टीमों दिल्ली और मुंबई में होगी जोरदार टक्कर

अबु धाबी (वार्ता)। आईपीएल 13 में जबरदस्त प्रदर्शन कर रही और अंक तालिका में शीर्ष की दो टीमों दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच रविवार को होने वाले आईपीएल मुकाबले में जोरदार टक्कर देखने को मिलेगी। दिल्ली और मुंबई ने अपने पिछले मुकाबले जीते हैं। मुंबई ने राजस्थान रॉयल्स को 57 रन से और दिल्ली ने भी राजस्थान को 46 रन से मात दी थी। दिल्ली छह मैचों में पांच जीत एक हार के साथ 10 अंक लेकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर है जबकि मुंबई छह मैचों में चार जीत, दो हार के साथ आठ अंक पाकर दूसरे स्थान पर है। दिल्ली ने टूर्नामेंट में अबतक बेहतरीन प्रदर्शन किया है और उसे सिर्फएक मैच में ही हार का सामना करना पड़ा है। दूसरी ओर मुंबई ने इस सत्र का पहला मैच हारने के बाद जबरदस्त तरीके से वापसी करते हुए अपनी लय हासिल की थी। दोनों शीर्ष टीमों के बीच रविवार को टक्कर का मुकाबला देखने मिलेगा जहां मुंबई और दिल्ली के लड़ाके अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने उतरेंगे। दिल्ली ने आईपीएल में अपना पहला खिताब हासिल करने के इरादे से दमदार शुरुआत की है जबकि गत चैंपियन मुंबई ने खिताब का बचाव करते हुए अबतक बेहतर खेल का प्रदर्शन किया है।

हैदराबाद के खिलाफ राजस्थान के लिए उपलब्ध हो सकते हैं स्टोक्स

दुबई (वार्ता)। राजस्थान रॉयल्स के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टेक्स सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।

स्टोक्स अपने पिता की बीमारी के चलते न्यूजीलैंड में थे और आईपीएल 13 के शुरुआत में नहीं खेल सके थे। लेकिन कुछ दिनों पहले वह आईपीएल में भाग लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचे और कोरोना प्रोटोकॉल के तहत क्वारेंटीन में रह रहे थे। राजस्थान की टीम ने बताया कि स्टोक्स का क्वारेंटीन पीरियड शनिवार को खत्म हो रहा है जिसके बाद वह ट्रेनिंग में लौट सकेंगे। इस तरह वह हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। टीम के कप्तान स्टीवन स्मिथ ने भी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के बाद कहा था कि स्टोक्स का क्वारेंटीन पीरियड खत्म हो रहा है लेकिन उन्होंने अभ्यास नहीं किया है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि लगातार मैच हार रही राजस्थान की टीम उन्हें रविवार के मुकाबले में उतरती है या नहीं। राजस्थान की टीम को पिछले मुकाबले में दिल्ली के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। राजस्थान की टीम छह मुकाबलों में दो जीत और चार हार के साथ चार अंक लेकर सातवें नंबर पर है और हार का तिलिस्म तोड़ने के लिए बेकरार है। स्टोक्स के टीम में शामिल होने से उसकी मजबूती बढ़ेगी। स्टोक्स गेंद और बल्ले दोनों से टीम के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं। स्टोक्स दुनिया के सबसे खतरनाक आलराउंडरों में से एक हैं। स्टोक्स ने 26 टी-20 मुकाबलों में 305 रन बनाए हैं और 14 विकेट झटके हैं। उन्होंने आईपीएल के 34 मैच में 22.67 के औसत से 635 रन बनाए हैं और यहां उनका सर्वाधिक स्कोर नाबाद 103 रन है।

अवैध 90 पाव देशी शराब के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा। शहर पुलिस ने मोटर सायकल में शराब का परिवहन करते 3 लोगो को पकड़ा है।पुलिस ने उनके कब्जे से 90 पाव शराब के साथ उनकी मोटर सायकल को भी जब्त किया है।

उपरोक्त सम्बन्ध में जानकारी देते हुए शहर थाना प्रभारी महेश धुव ने बताया की पुलिस अधीक्षक आई.के.एलेसेला के कड़े निर्देश के बाद मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि मोटर सायकल हीरो एच एफ डिलक्स क्र0 छ्ग 22 S 6029 में तीन व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध रूप से बिक्री करने हेतु परिवहन कर रहे कि सूचना पर हमराह स्टाप व गवाहान के रेड कार्यवाही किया जो आरोपी मोटर सायकल चालक को पकड कर नाम पता पूछने पर सोनू यादव पिता छुन्ना यादव उम्र 28 साल साकिन नया गंज वार्ड भाटापारा व पीछे बैठे व्यक्तियो ने अपना अपना नाम धनुष रजक पिता रामनाथ रजक उम्र 23 साल साकिन के के वार्ड भाटापारा,संजय ढीमर पिता भोला ढीमर उम्र 20 साल साकिन के के वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ0ग0 जो तीनो एक मोटर सायकल हीरो एच एफ डिलक्स क्र0 CG 22 S 6029 पर अवैध शराब परिवहन कर ब्रिकी हेतु ले जाते रंगे हाथ पकडे आरोपी मोटर सायकल चालक द्वारा अपने मोटर सायकल के सामने टंकी के पास एक सफेद झोले में 30 पौवा देशी मसाल शराब रखे मिला प्रत्येक शीशी में में 180 एम्ब शराब भरी हुई शीलबंद कुल 5.40 बल्क लीटर शराब जुमला किमती 2700 रू एवं बीच में बैठे आरोपी धनुष रजक के पास से एक प्लास्टिक बोरी में 30 पौवा देशी मशाल शराब रखे मिला प्रत्येक शीशी में 180 एम्ब शराब भरी हुई शीलबंद कुल 5.40 बल्क लीटर शराब जुमला किमती 2700 रू एवं आरोपी संजय ढीमर द्वारा मोटर सायकल के डिक्की में 30 पौवा देशी मशाला शराब रखे मिला प्रत्येक शीशी में 180 एम्ब शराब भरी हुई शीलबंद कुल 5.40 बल्क लीटर शराब जुमला किमती 2700 रू देशी मदिरा मसाला शराब कुल 90 पाव जुमला 16.560 बल्क लीटर किमती 8100 रू एवं घटना में प्रयुक्त एक मोटर सायकल किमती 25000 रू को गवाहो के समक्ष विधिवत जप्त कब्जा पुलिस लिया गया है । आरोपियो का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से अपराध कमांक 397/2020 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपियो को विधिवत आरोप बताकर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है । उक्त कार्यवाही मे प्र.आर. दीन दयाल ध्रुव , आर. कुबेर वर्मा, कमल किशोर साहू का विशेष योगदान रहा है ।

ट्रक की चपेट में आने से एक की गई जान दूसरा गम्भीर

गुण्डरदेही। सिकोसा सिकोसा से अर्जुन्दा मार्ग के बीच 9 तारिक 3 से 4 बजे तकरीबन खुटेरी गांव के समीप ट्रक की चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल में दो लोगो को गम्भीर चोट लगी जानकारो से पता चलता कि कोंडेवा निवासी एवं खुटेरी निवासी दोनों पटवारी से मिलने अर्जुन्दा जा रहे थे तभी खुटेरी से कुछ दूर पर अचानक लापरवाही पूर्वक ट्रक चालक द्वारा अपनी ट्रक की चपेट मे मोटरसाइकिल सवार दो लोगो रौंद दिया जिसे आस पास के लोगो द्वारा 108 ओर पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया 108 कि मदद स्वास्थ्य केन्द्र गुंडरदेही ले जाया गया जहाँ पर कोंडेवा निवासी गोपाल सतनामी को गम्भीर चोट लगने के वजह से मृत्यु हो गई वही दूसरा घायल खुटेरी निवासी को जिला अस्पताल नांदगांव रैफर कर दिया गया है।

दशहरा मैदान पर 50 से ज्यादा की भीड़ नहीं

भाटापारा। नवरात्रि पर्व और दशहरा पर्व उत्सव को लेकर प्रभारी तहसीलदार मंयक अग्रवाल ने नगरपालिका कार्यालय में दुर्गा उत्सव समिति ,रामलीला समिति के सदस्यों की बैठक लेकर प्रसाशन के द्वारा लिए गए निर्णय और दिए गए निर्देशो का पालन सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पालिका अध्यक्ष,उपाध्यक्ष सहित पार्षदगण भी उपस्थित थे। नगरपालिका कार्यालय में हुई बैठक में निर्णय लिया गया है की दुर्गा समिति को आयोजन करने हेतु 10 रूपये के स्टाम्प पेपर में नगरपालिका अधिकारी से विधिवत मंजूरी लेनी होगी वही दशहरा उत्सव मनाने हेतु 10 दिन पूर्व एसडीएम से अनुमति लेना अनिवार्य होगा वही इस बार दशहरा उत्सव में 50 से ज्यादा लोगो को अनुमति नही होगी तथा दसहरा मैदान पर इस बार कोई भी दुकान की मंजूरी नही मिलेगी।

आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान

भाटापारा। रेलवे स्टेशन भाटापारा में शुक्रवार को कोविड 19 वायरस संक्रमण से बचाव हेतु निर्देशानुसार जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में रेसुब पोस्ट भाटापारा प्रभारी निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर के नेतृत्व में उप निरीक्षक ए जेड चौधरी,एके बिंद ,सउनि महेंद्र एवम् बल सदस्यो के साथ

भाटापारा रेलवे स्टेशन में यात्रियों को कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव सम्बन्धी जानकारी लाऊड हेलर व पी ए सिस्टम की उदघोषणा के साथ बैनर एवं पोस्टर के माध्यम से दिया गया ! जिसमें यात्रियों से अनुरोध किया गया कि यात्रा के दौरान चेहरे पर मास्क लगाये सामाजिक दूरी का पालन करें, साबुन से हाँथ धोये एवं हैंड सैनिटाइजर का नियमित रूप से प्रयोग से करे ।कोविड 19 वायरस संक्रमण से बचाओ के लिए जारी स्लोगन फ्रदो गज की दूरी एवं मास्क पहनना है जरूरीफ्र संबंधित जानकारियों से यात्रियों को अवगत कराया गया।

मनीषा के हत्यारो को फांसी होनी चाहिए - नलीनी मेश्राम

डोंगरगढ़। उतरप्रदेश के हाथरस थाना संपदा के तहत बुलगाडी गांव में दुष्कर्म घटना के बाद युवती मनीषा वाल्मीकी की मौत हो गई थी इसी तारतम्य में नगर के बीडी आवास कालोनी वार्ड नं 4 में बौद्व समाज द्वारा श्रंद्वाजली सभा का आयोजन किया गया सर्वप्रथम वार्डवासीयों ने मनीषा वाल्मीकी के तेलचित्र पर

पुष्पहार, मोमबत्ती जलाकर 2 मीनट को मौन रखकर उन्हे श्रंद्वाजली अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नलीनी मेश्राम ने कहा कि मनीषा के हत्यारो को फांसी से कम सजा नही होनी चाहिए । एस जी मेश्राम ने पंचशील द्वारा बृद्व की शरण में उन्हे स्थान देने के लिए प्रार्थना की । इस अवसर पर कांग्रेस की राष्टीय प्रवक्ता नलीनी मेश्राम, शहर अध्यक्ष किरण देउडकर, पंचशीला सहारे, समाज सेवी एस जी मेश्राम, नरेश करसे, संजु बक्सरे, ममता खरे, सविता टेंभुरकर, सुनिता ठाकुर, निशा राउतकर, सरस्वती सांगोडे, गौतमा अंबादे, किरण ,मनीषा टेंभुरकर, पलक वांखेडे, मीना बाई, रूखमणी , नमिता ताडी, मंजु दुधबरवे, देविंद्रा, निरवता खोब्रागढे सहीत बडी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

ब्लॉक कांग्रेस की आवश्यक बैठक सम्पन्न

लवन। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन के द्वारा शुक्रवार को आवश्यक बैठक रखा गया। उक्त बैठक में कृषि बिल के विरोध में किसानों के पास पहुंचकर हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान देवीलाल बार्वे अध्यक्ष, रमेश घृतलहरे जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रभारी प्रभाकर मिश्रा, अभिषेक पाण्डेय, प्रताप डहरिया, मृत्युजंय पाण्डेय, सतीष पाण्डेय, गुरूदयाल यादव, गोपी साहू, दयाशकर कुर्रे, पं. कन्हैया व्यास, बनवारी बार्वे, बीरेन्द्र कुर्रे, रूपचंद मनहरे, टीहलूराम साहू, विनोद अनंत, श्यामु विश्वकर्मा, जीवन साहू, लालाराम वर्मा, दौलत साहू, मनोज साहू, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कांग्रेस की वर्चुअल रैली में शामिल हुई संगीता साहू

भाटापारा। केंद्र सरकार के द्वारा कृषि बिल को लाये जाने के विरोध स्वरुप प्रदेश कांग्रेस की वर्चुअल रैली में जनपद अध्यक्ष श्रीमती संगीता मनोहर साहू ने शामिल होकर इस किसान विरोधी बिल का विरोध प्रगट किया। विदित हो की प्रदेश कांग्रेस के द्वारा शनिवार को वर्चुअल रैली का आयोजन किया गया। उस रैली में प्रदेश भर के कांग्रेस नेताओ सहित कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्तागण शामिल हुए। अध्यक्ष प्रतिनिधि केतुमान साहू ने जानकारी देते हुए बताया की ज्नपद कार्यालय में जनपद अध्यक्ष श्रीमती संगीता मनोहर साहू ने भी रैली में हिस्सा लिया।इस दौरान श्रीमती साहू ने चर्चा में कहा की केंद्र सरकार किसानो के हित में नही बल्कि पैसे वाले व्यापारियो के हित में अपना स्वार्थ सिद्ध करने हेतु इस बिल को पास किया है।श्रीमती संगीता साहू ने इस बिल को लेकर सवालिया निशान साधते हुए कहा की जो किसान ठीक से मोबाईल नही चला सकता वो कैसे अपनी फ्सल का सौदा अन्य राज्य में इंटरनेट के जरिये कैसे कर पायेगा,,,। किसान अपनी नजदीक की धान मण्डियों में टैक्टर की सुविधा होने के लिए चार पांच दिन तक इंतजार करता है वो अपनी फ्सल कैसे किसी अन्य राज्य या व्यापारी को बेच सकता है। किसानो की फ्सल का व्यापारी अनाप शनाप में सौदा कर उचे दाम में बेचकर मुनाफ्र कमाएंगे। श्रीमती संगीता साहू ने कहा की केंद्र सरकार ने आवश्यक वस्तुओ से आलू प्याज,दाल,तिलहन ,खादय तेल जैसी आवश्यक पदार्थो को आवश्यक वस्तुओ की श्रेणी से हटा के साफकर दिया है की केंद सरकार अम्बानी अडानी जैसे लोगो के लिए पुरे नियम कानून बना रही है।

नवरात्रि पर करोना का साया

- नारियल आ गया जमीन पर, बिक्री घटकर 50 फ़ीसदी पर आई

भाटापारा। बंद देवी मंदिरों के कपाट के पीछे मनाया जाएगा नवरात्रि का पर्व। असर जरूरी पूजन सामग्रियों के उत्पादक क्षेत्र से लेकर उन दुकानों तक पहुंच चुका है जो ऐसे मंदिरों में होने वाले पर्व के सहारे परिवार का भरण पोषण करते हैं। प्रसाद के रूप में पहला असर नारियल पर पड़ चुका है। बिक्री घटकर एकदम से 50 फ़ीसदी पर आ गई है।

अंचल के प्रसिद्ध देवी मंदिरों में से एक तरेंगा का महामाया मंदिर और दूसरा सिंगारपुर का श्री मावली देवी मंदिर है। इस बार विपरीत परिस्थितियों के बीच नवरात्रि का पर्व मनाया तो जाएगा लेकिन कड़े बंधन के बीच। कलश स्थापना, पूजा, दर्शन और कारोबार तक हर कदम पर शर्तो का ब्रेक इतनी मजबूती से लग चुका है कि मंदिरों के पसीने छूटने लगे हैं लेकिन उपाय या विकल्प है नहीं। इसलिए कड़ी शर्तों के बीच यह पर्व संपन्न होने जा रहा है।

ऐसी है कीमत

नवरात्रि पर नारियल की दोनों किस्मों की कीमतें बढ़ा करती थी। इस बार हालात बदले-बदले से हैं। मंदिरों के कपाट बंद होने के बाद ग्राहक की घटकर आधी रह गई है। याने सूखा नारियल थोक में 12 से 13 रुपये प्रति नग। चिल्हर में 16 से 19रुपये। कच्चा नारियल थोक में प्रति नग 12 से 18 रुपए। चिल्हर में 19 से 20 रुपए। इसके बावजूद खरीददारों की संख्या आधी पर आ चुकी है।

बेहाल उड़ीसा और आंध्र प्रदेश: छत्तीसगढ़ में नवरात्रि पर उड़ीसा और आंध्र प्रदेश से भरपूर आपूर्ति होती है। नारियल उत्पादक इन दोनों राज्यो की हालात बेहद खराब है क्योंकि पश्चिम बंगाल के बाद छत्तीसगढ़ नवरात्रि पर सबसे ज्यादा नारियल की खरीदी करता है। करोना और नियमों के बंधन के बीच इन दोनों राज्यों से मांग घटकर आधी रह गई है। प्रदेश के हर क्षेत्र से बीते साल की तुलना में आधी मात्रा ही मांगी जा रही है।

ऐसा हुआ असर

नारियल। नवरात्रि पर सबसे ज्यादा बिकने वाली सामग्री। बिक्री रहेगी 50 फ़ीसदी। प्रयास जारी। हर भक्तों के हाथों तक पहुंचाने कीमत की कम। मंदिरों के कपाट बंद होने के बावजूद बिक्री 5,000 नग प्रतिदिन। सामान्य दिनों में होती थी 10,000 नग की बिक्री। याने छोटे कारोबारियों के हाथ से छुटा मौका। इसलिए क्योंकि दुकानें लगाने की नहीं मिलेगी अनुमति।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंद कुमार बघेल खरोरा पहुंचे

खरोरा। पिछडा वर्ग जन जागरण अभियान के तहत खरोरा पहुचे प्रदेश के मुख्यमंत्री भुपेश बधेल के पिता नंदकुमार बधेल ने भाजपा के खिलाफ हल्ला बोलते कृषि विधेयक बील को वापस करने की मांग की वही भाजपा के द्वारा काग्रेस के भुपेश बधेल सरकार द्वारा प्रति एकड़ 20क्वीटल धान खरीदने के सवाल पर कोरोना का हवाला देकर काग्रेस सरकार द्वारा प्रति एकड़ 2500रूपय क्वीटल खरीदने जाने का जम कर तारीफ की नंदकुमार बधेल यही नही रूके और कहा अगर काग्रेस पिछडा वर्ग के लोगों को विधानसभा मे काग्रेस द्वारा टिकट नही दिया तो भुपेश बधेल का विरोध करने की बात की ।

छतीसगढ के मुख्यमंत्री भुपेश बधेल के पिता नंदकुमार बधेल पिछड़ा वर्ग जनजागरण अभियान के तहत खरोरा पहुचे जहाँ स्थानीय विश्राम गृह मे प्रस वार्ता मे नंद कुमार बधेल ने भाजपा के द्वारा प्रति एकड़ 20क्वीटल धान खरीदने की मांग काग्रेस के भुपेश बधेल सरकार का बचाव करते पर कोरोना काल का हवाला देकर समर्थन मुल्य से अधिक दाम मे धान खरीदने जाने का जम कर तारीफ वही भाजपा के केंद्र सरकार द्वारा कृषि विधेयक बील की खामी गिनाते कृषि वि विधेयक बील वापस लेने की मांग की । नंदकुमार बधेल यही रूके नरेन्द्र मोदी के लाकडाऊन के समय जनता कि तकलीफ गिनाते जमकर कर कोशा वही छतीसगढ विधानसभा चुनाव मे 42सीट पिछडा वर्ग के लिये आरक्षित करने की मांग की वही पिछड़ा वर्ग के लोगों को सीट नही मिलने पर काग्रेस का विरोध करने की बात कही साथ ही साथ प्रदेश के सभी उद्योगों मे स्थानीय लोगो को रोजगार मुहैया कराने की बात कहते पुलिस विभाग के कर्मीयो को समान वेतन मान के हिसाब से वेतन मिलने पर जोर दिया ।

गिरौदपुरी धाम में 11 अक्टूबर को प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज का प्रदेश स्तरीय अधिवेशन

खरोरा। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज का प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय अधिवेशन एवं प्रदेश युवा प्रकोष्ठ का निर्वाचन 11 अक्टूबर रविवार दोपहर 12:00 बजे मड़वा सरहद स्थित ऐतिहासिक सतनाम धर्मशाला, गिरौदपुरी धाम में आयोजित किया गया है । प्रदेश अध्यक्ष एल. एल. कोसले के आदेशानुसार प्रदेश युवा प्रकोष्ठ का कार्यकाल पूर्ण होने पर नई कार्यकारिणी की पुनर्गठन हेतु निर्वाचन की जिम्मेदारी रायपुर शहर अध्यक्ष अश्वनी बबलू त्रिवेंद्र के नेतृत्व में निर्वाचन अधिकारीगणो की टीम के द्वारा किया जायेगा ।

कुमारी नम्रता वर्मा ने किया रक्तदान

खरोरा। दिनांक 9 अक्टूबर 2020 को समाज सेवी संस्था संजीवनी रक्तदाता संघ की एक्टिव सदस्य कुमारी नम्रता वर्मा ग्राम रजिया भिंभौरी निवासी ने अपना बहुमूल्य ओ पॉजिटिव रक्तदान मिशन हॉस्पिटल ब्लड बैंक तिलदा में किया।

कुमारी नम्रता कोहका महाविद्यालय की छात्रा है जो महाविद्यालय में अपना उत्तर पुस्तिका जमा करने आए हुई थी.. उन्होंने अपने रक्तदान करने की उत्सुकता को अवसर में बदलते हुए इस सुअवसर का सही उपयोग किया और संस्था प्रमुख को अवगत करते हुए मिशन ब्लड बैंक में पहली बार अपना रक्तदान किया....

उनके इस नेक कार्य की सराहना करते हुए संस्था प्रमुख ने कहा कि रक्तदान के क्षेत्र में महिलाओं की इस प्रकार की उत्सुकता काबिले तारीफ है और सदस्यता जोड़ो अभियान की भरपूर सफ्लता को इंगित करती है ... संस्था के सभी सदस्यों ने कुमारी नम्रता का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ उन्हें शुभकामनाएं दी है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

काले कानून के विरोध...

नहीं है। कांग्रेस ने बताया कि पत्रिका में पूछे गए सवालों और इसका विरोध क्यों किया जा रहा इसका खुलासा किया है।

भूपेश सरकार के दिग्गज मंत्रियों ने यह कहा

मंत्री टीएस सिंहदेव-ने कहा कि कृषि आर्थिकी में कोई भी सुधार न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित किए बिना किसानों का हितैषी नहीं हो सकता। नये अध्यादेश शोषण और छोटे किसानों के दमन को मौका देते है। उन्होंने बताया कि देश के अधिकांश किसान छोटे और मंझले स्तर पर खेती करते हैं, क्या ऐसा किसान कारपोरेट अनुबंधों के खिलाफ मुकदमे लड़ने में सक्षम होंगे? टी एस सिंह देव ने गुजरात का उदाहरण देते हुए बताया कि गुजरात में पेप्सीको कंपनी ने कई किसानों पर लेज़ कंपनी के आलू पैदा करने के खिलाफ मुकदमे लगा रखे हैं। यह कानून अनुबंधों के ज़रिए किसान को इस तरह चक्रव्यूह में फंसा देगा कि किसान विवश होकर रह जायेगा।

मंत्री मो.अकबर- ने कहा, केंद्र सरकार व्दारा लाया गया कानून किसान-मजदूरों के खिलाफ है। अगर यह जरा सा भी देश के गरीब, मजदूर और किसानों के हित में होता तो कांग्रेस इसका समर्थन करती। भाजपा व्दारा किसान कानून पर दी गई पीसीसी चीफ को चुनौती पर वन मंत्री अकबर ने भाजपा नेताओं को चुनौती दी है कि वे इस कानून पर बहस करने तैयार है। अकबर ने ललकारते हुए कहा भाजपा नेता जब और जहां स्थान चुन लें वे इस काले कानून व किसान विरोधी एक्ट पर खुली बहस के लिए तैयार हैं। बता दें कि बीजेपी ने कांग्रेस नेताओं को कानून के संबंध में कुछ भी नहीं पता होने और खुले मंच में बहस करने की चुनौती दी थी।

किसानों को काले कानून से बचाने जल्द बुलाया जाएगा विस का विशेष सत्र

सीएम श्री बघेल ने किसानों से आग्रह करते हुए कहा कि अब ठंड का दिन आ रहा है, किसान भाई ज्यादा से ज्यादा वर्मी कम्पोस्ट बनाने पर ध्यान दें, इससे न केवल उनके खेती-किसानी में लाभ मिलेगा, बल्कि कम्पोस्ट विक्रय से उन्हें आर्थिक लाभ भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसानों को इस काले कानून से बचाने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। हम जल्द ही प्रदेश के किसानों के लिए नया कानून बनाएंगे, इसके लिए जैसे ही प्रस्ताव आएगा तत्काल विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाएगा।

सोनिया-मनमोहन, राहुल...

को भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया है। इस चुनाव में राजद और वाम दलों के साथ तालमेल कर उतर रही कांग्रेस 70 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। राजद 144 और वाम दल 29 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं।

राज्य सरकार के उद्योग...

पट्टे पर आबंटित औद्योगिक भूमि उपयोग न हो पाने के प्रकरणों में भूमि के हस्तांतरण को आसान बनाया गया। नये बायो इथेनॉल प्लांट लगाने के लिए अर्लीबर्ड अनुदान के लिए 18 महीने की समयावधि निर्धारित की गई। पहले एम.ओ.यू. के बाद छह माह के भीतर उत्पादन शुरू करने पर अर्लीबर्ड अनुदान देने का प्रावधान रखा गया था। इस अवधि को बढ़ाकर अब 18 माह कर दिया गया है।

राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक नीति 2019-24 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति वर्ग के उद्यमियों तथा स्टार्टअप के लिए स्पेशल पैकेज घोषित किया गया है। औद्योगिक नीति 2019-24 में स्थापित होने वाले उद्योगों को विस्तार और शवलीकरण के लिए अनुदान छूट एवं रियायतों की पात्रता का अनुमोदन भी मंत्रिपरिषद की बैठक में किया गया। सूक्ष्म उद्योगों के साथ-साथ लघु एवं मध्यम उद्योगों को भी स्थाई पूंजी निवेश अनुदान की सुविधा देने का निर्णय लिया गया है।

कोर सेक्टर के उद्योगों को पूरे राज्य में विद्युत शुल्क छूट की पात्रता दी गई। बिजली में सब्सिडी मिलने से इस्पात सहित कोर सेक्टर के उद्योगों को नई संजीवनी मिली है। इससे इन कोर सेक्टर के उद्योगों को देश भर के मार्केट का लाभ मिलेगा। राज्य सरकार द्वारा कृषि आधारित ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य प्रसंस्करण मिशन की अवधि 31 अक्टूबर 2024 तक बढ़ाई गई। इस मिशन में वन अधिकार अधिनियम पट्टाधारी एवं सामुदायिक तथा वन संसाधन अधिकार प्राप्त ग्रामों को विशेष प्राथमिकता देने का अनुमोदन किया गया है। स्पंज आयरन एवं स्टील सेक्टर के उद्योगों के लिए बी-स्पोक पालिसी के तहत विशेष पैकेज घोषित करते हुए, क्षेत्रवार छूट की सीमा 60 प्रतिशत से 150 प्रतिशत तक कर दी गई है। इसी तरह भू जल के औद्योगिक उपयोग के लिए निर्धारित जल दरों में 20 से 33 प्रतिशत तक की कमी की गई है। इसी तरह निरस्त भू-खण्डों तथा बंद पड़ी इकाईयों से भूखंड का आधिपत्य वापस कर नए आवेदकों को आबंटन करने का निर्णय किया गया।

नई औद्योगिक नीति के तहत इस्पात (स्पांज आयरन एण्ड स्टील) क्षेत्र के मेगा अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट में निवेश हेतु विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज देने का निर्णय लिया गया। मेगा निवेशकों के लिए घोषित किए गए पैकेज में अधितम 500 करोड़ रूपए तक का निवेश प्रोत्साहन (बस्तर संभाग हेतु 1000 करोड़ तक) मान्य होगा। प्रस्तावित इकाईयों के लिए 31 अक्टूबर 2024 को अथवा उसके पूर्व व्यावसायिक उत्पादन प्रारंभ करना जरूरी होगा। 100 करोड़ रूपए का स्थाई पूंजी निवेश मद में निवेश कर व्यावसायिक उत्पादन आरंभ करने वाली नवीन इकाईयों को आर्थिक निवेश प्रोत्साहन प्राप्त होगा। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में कृषि और उद्यानिकी फसलों के प्रसंस्करण के लिए प्रदेश के सभी 146 विकासखण्डों में फूड पार्क की स्थापना का निर्णय लिया गया है।

न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ब/121
ग्राम आरंग

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गोपेन्द्र साहनी पिता श्री रामभरण साहनी ग्राम आरंग तहसील आरंग, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने माता चंदबाई के जन्म दिनांक 01.01.1970 है, का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 16.10.2020 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 01.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
आरंग

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक 1046/निविदा/2020 रायपुर, दिनांक 08/10/2020

विज्ञापन

शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) के भू-विज्ञान विभाग में टेरसेट सॉफ्टवेयर 2020 (TerrSet Doftware 2020)(जी.आई.एस. एवं इमेज प्रोसेसिंग 03 नम्बर एकेडेमिक लायसेंस) क्रय करने हेतु दिनांक 28/10/2020 अपरान्ह 04.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यालयीन समय में (अवकाश को छोड़कर) निर्धारित राशि रु. 100.00 नगद जमा कर कार्यालय से निविदा संबंधी नियमों व शर्तों का प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं अथवा महाविद्यालय की Webiste-www.gnscr.ac.in से निविदा संबंधी नियमों व शर्तों का प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।

(डॉ. राधा पाण्डेय)
प्राचार्य
शास.नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

जी-84194/2

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)
Email- ID: ee-res.kondagaon@nic.in, Fax & Ph.No.-07786-242243

मैनुअल पद्धति वर्ष 202-21 हेतु सूचना क्रमांक- 20 (प्रथम दौर)

निविदा आमंत्रण

क्रमांक/20/व.ले.लि./नि.प्र./ग्रा.यां.सेवा./2020-21 कोण्डागांव, दिनांक 07/10/2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ''डी'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सामग्री प्रदाय हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। सभी ग्रुप की पृथक-पृथक निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 22.10.2020 शाम 5.30 बजे तक :-

स. क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत प्रति कार्य (रुपए लाख में)
1	2	3
1	रु. 10.00 लाख से कम लागत के निर्माण कार्य (मनरेगा+अन्य योजना) सामग्री प्रदाय हेतु -	
	विकासखण्ड कोण्डागांव- जोन क्रमांक -01 (10 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड कोण्डागांव- जोन क्रमांक -02 (10 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड कोण्डागांव- जोन क्रमांक -03 (10 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड कोण्डागांव- जोन क्रमांक -04 (10 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड कोण्डागांव- जोन क्रमांक -05 (10 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड कोण्डागांव- जोन क्रमांक -06 (08 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड कोण्डागांव- जोन क्रमांक -07 (09 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड कोण्डागांव- जोन क्रमांक -08 (11 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड कोण्डागांव- जोन क्रमांक -09 (11 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड कोण्डागांव- जोन क्रमांक -10 (09 पंचायत)	35.00
2	विकासखण्ड माकड़ी - जोन क्रमांक -01 (20 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड माकड़ी - जोन क्रमांक -02 (21 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड माकड़ी - जोन क्रमांक -03 (19 पंचायत)	35.00
3	विकासखण्ड फरसगांव - जोन क्रमांक -01 (15 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड फरसगांव - जोन क्रमांक -02 (15 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड फरसगांव - जोन क्रमांक -03 (15 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड फरसगांव - जोन क्रमांक -04 (15 पंचायत)	35.00
4	विकासखण्ड केशकाल - जोन क्रमांक -01 (12 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड केशकाल - जोन क्रमांक -02 (12 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड केशकाल - जोन क्रमांक -03 (12 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड केशकाल - जोन क्रमांक -04 (11 पंचायत)	35.00
5	विकासखण्ड बड़ेराजपुर - जोन क्रमांक -01 (21 पंचायत)	35.00
	विकासखण्ड बड़ेराजपुर - जोन क्रमांक -02 (21 पंचायत)	35.00

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://cg.nic.in/resworks दिनांक 12.10.2020 से देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी-84182/2

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

■ न्यूज गैलरी

तुरमा प्राथमिक शाला में निशुल्क गणवेश का वितरण

अर्जुनी । भाटापारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत तुरमा के शासकीय प्राथमिक शाला में कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक के बच्चों को गणवेश वितरण किया गया इस अवसर पर वितरण समीती अध्यक्ष अशोक अनंत , सुरेश यदु उपस्थित सदस्य स्कुल के प्रधान पाठक आर. पी. साहु शिक्षक शेखर वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा, कुमार डिसुजा, भावना फेकर, किरण डिसुजा, देवराम यादव आदि उपस्थित रहे।

किसान मजदूर रैली में डौण्डी के किसानों ने लिया भाग रत्तीराम कोसमा सहित मुकेश पौसार्य रहे मौजूद

डौंडी। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किसान मजदूर बचाओ वर्चुअल रैली में डौंडी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में डौंडी ब्लाक के किसान साथियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश पौशार्य रेवा रावटे रोहित माहला सरवन राठौर संतोष डेविड मुकेश तिवारी सुनील राठौर शंकर पिपरे समीर धुर्वे दीपक बंजारे बनवाली चिराम लोकमान्य साहू सुमेर कोसमा दुष्यंत भुआर्य भीखम भुआर्य असीद कुमार गैंद मानकर पारस बंजारे बिंदु ठाकुर कृष्णा राव के नंदलाल राऊत एवं डौंडी ब्लाक कांग्रेस कमेटी किसान हस्ताक्षर अभियान के प्रभारी रतिराम कोसमा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सीएचसी में विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया

लवन। डां. राकेष कुमार खण्ड चिकित्सा अधिकारी के आदेशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लवन में विष्व दृष्टि दिवस का आयोजन किया गया। अक्टूबर माह के दुसरे सप्ताह में विश्व दृष्टि दिवस जन जागरूकता अभियान के रूप में मनाया जाता है। यह कार्यक्रम दुर्गेश सिंह बंजारे नेत्र चिकित्सा सहा. अधिकारी द्वारा आंखो कि सुरक्षा एवं उसकी देखभाल, उपचार आदि के बारे में जानकारी दिया गया एवं विटामिन ए युक्त भोजन लेना चाहिए। आंखो को चोट से बचायें, नजदिक एवं दूर कि वस्तु नही दिखने पर डाक्टर को दिखायें। डॉ. शिव कुमार ने कहा कि आंखों का सुरक्षा करना आपके हाथों में है एवं सामु.स्वा.केन्द्र लवन में आंखो का इलाज का सभी प्रकार जैसे, चष्मा जांच, ऑख की प्रेषर, मातियाबिंद, काला मोतियाबिंद का जांच होता है एवं उसने कहा कि कोरोना वायरस से बचने के लिए मास्क हमेषा लगाये व हाथ को साबुन से बार-बार धोये तथा डॉ. राजकुमार ने कहा कि अस्पताल में मरीज अनावष्यक रूप से न आये आवष्यक होने पर ही अस्पताल आये एवं आंख की कोई भी समस्या हो तो नेत्र चिकित्सक से इलाज कराये एवं अधिक से अधिक नेत्रदान कराये ताकि अंधे व्यक्ति के जीवन में रोषनी दे सके।

कोरोना काल में मंहगाई बढ़ी, आमजन परेशान

लवन। इस वर्ष कोरोना महामारी ने गरीब वर्ग के साथ ही आमजन को भी नुकसान पहुंचाया है। कोरोना संक्रमण की मार आमजन मानस झेल रहा है, और ऊपर से मंहगाई की मार भी सामने है। वही आलू प्याज के दाम के बाद हरि सब्जिया और दाल में तेजी से आमजन परेशान है। कोरोना संक्रमण काल की शुरूआत में लॉक डाउन के दौरान सब कुछ ठीक था। सब्जियों के भाव और दालों के भाव ठीक ही थे, लेकिन अनलॉक होते ही आलू प्याज और सब्जियों के भावों में अचानक तेजी आने लगी थी। आम आदमी ने सब्जियों से मोह त्याग कर दाल रोटी खाने का सोचा तो अब दाल के भाव भी आसमान को छूने लगे है। वर्तमान समय में राहर दाल 115 रूपये प्रतिकिलो है। आखिर अचानक सब्जियों के भाव के बाद दाल के भाव कैसे बढ़ने लगे। जिस किसान ने दाल का उत्पादन किया उसे तो मुनाफा नहीं हुआ मगर जिस व्यापारी ने दाल का स्टाक किया उसे सौ फीसदी मुनाफा की बात कही जा रही है।

नवागढ़ ब्लॉक में विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया

नवागढ। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संबलपुर ,मारो व टेमरी में विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया .इस वर्ष की थीम इन साइट को केंद्र मानकर आयोजित किए गए, जिसमें कलेक्टर बेमेतरा के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य' अधिकारी बेमेतरा डॉ एस के शर्मा एवं जिला अंधत्व नोडल अधिकारी बेमेतरा तथा बीएमओ डॉ ठाकुर नवागढ के कुशल मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किए गए .ब्लॉक नोडल अधिकारी मोहित कुमार साहू ने बताया कियह दिवस नेत्र की महत्ता को रेखांकित करता है, सभी उम्र के लोगों के समय-समय पर नेत्र की जांच कराते रहना चाहिए, ताकि दृष्टि दोष नेत्रहीनता से बचा जा सके .लोगों को नेत्रदान के प्रति ज्यादा से ज्यादा जागरुक एवं प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर उन्होंने बल दिया। नेत्र विभाग बेमेतरा द्वारा लोगों को ज्यादा से ज्यादा नेत्रदान करने की अपील की गई .तीनों कार्यक्रमों में ब्लॉक एजुकेशन ट्रेनिंग ऑफिसर पगारिया और उनका स्टाफतथा नेत्र सहायक मोहित कुमार साहू ,अजीत कुमार कुर्रे ,सीमा मंडावी ,आशा बरवा सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

नवागढ़ विधानसभा में कांग्रेस की किसान सम्मेलन वर्चुअल रैली में जुटे किसान

नवप्रदेश संवाददाता

नवागढ़। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेंटी के निर्देशानुसार शनिवार को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नवागढ़ विधानसभा स्तरीय किसान सम्मेलन (वर्चुअल) का मुख्यालय में हेलीपैड मैदान पर छग शासन के संसदीय सचिव व नवागढ़ विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर हुए इस वर्चुअल रैली को प्रदेश प्रभारी पी.एल. पुनिया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू,पंचायत मंत्री टीएस सिंहदेव,प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम,कृषि मंत्री रविंद्र चौबे,नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया,अन्य मंत्री,विधायक सहित प्रदेश पदाधिकारियो ने संबोधित किया।

प्रदेश के सभी वक्ताओं ने केंद्र सरकार की मोदी सरकार को इन बिलो को पारित करने के लिए कोसते हुए जमकर भड़ास निकाली। वर्चुअल रैली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन से जूम एप के माध्यम से सीधा प्रसारण हो रहा था। इस किसान सम्मेलन में विडियो कॉनफ्रेंसिंग के माध्यम से नवागढ़ विधानसभा के किसानों को व समस्त कांग्रेस जनों को संबोधित किया।

नवागढ़ विधानसभा मुख्यालय में हुए इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व नवागढ़ विधानसभा के विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे ने प्रदेश स्तरीय सीधा प्रसारण संपन्न होने के बाद हजारों की संख्या में क्षेत्र से उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार के द्वारा अन्य दूसरे दलो के नेताओ से बातचीत किये बिना ही बहुमत के आधार पर तानाशाही तरीका अपनाते हुए तीन किसान विरोधी बिल जिसमे किसान उत्पादन व्यापार और वाणिज्य विधेयक किसान मूल्य आश्वासन कृषि सेवा विधेयक और आवश्यक वस्तु विधेयक को पारित कर दिया, जो पुरी तरह से देश के किसानो के हित के खिलाफ है,ये बिल मोदी सरकार ने अपने उद्योगपति मित्रो के लाभ के लिए बनाया है,इस बिल से कालाबाजारी और जमाखोरी बढेगी,हम सब को इस बिल का पुरजोर विरोध करना है,जब तक ये काला कानून केंद्र सरकार वापस न ले ले,तब तक कांग्रेस पार्टी किसान हित में विरोध करता रहेगा।

अवैध शराब तस्करों पर पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 40 पेटी गोवा शराब जप्त

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक चार पहिया वाहन में अवैध रूप से धन अर्जित किये जाने हेतु कुछ व्यक्ति मध्यप्रदेश राज्य में निर्मित शराब को लेकर रेंगाखार जंगल से होते हुये छत्तीसगढ़ राज्य में तस्करी करने के उद्देश्य से परिवहन कर रहे है। उक्त सूचना के संबंध में अनिल कुमार सोनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के मार्गनिर्देशन एवं पनिक राम कुजुर उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स , बीनूराम मण्डावी उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) के निर्देशन में निरीक्षक राकेश लकड़ा थाना प्रभारी रेंगाखार एवं निरीक्षक अनिल शर्मा थाना सहसपुर लोहारा के नेतृत्व में विशेष टीम तैयार किया गया। विशेष टीम द्वारा मुखबीर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर सहसपुर लोहारा-रेंगाखार मार्ग पर नाकाबंदी पाईंट लगाकर वाहनों की चेंकिग की जा रही थी, कि इसी दौरान एक गोल्डन रंग की जाईलो वाहन तेज गति से आकर नाकाबंदी पाईंट से कुछ दूरी पर संदिग्ध रूप से खड़ी हो गई तथा नाकाबंदी पाईंट में लगे बल को अपने ओर आता देखकर वाहन में सवार व्यक्ति वाहन को चालू हालत में छोड़कर अंधेरे एवं घने जंगल का फायदा उठाकर भाग गये तथा वाहन क्रमांक 09 5281 गोल्डन रंग का जाईलो को मौके पर गवाहो के समक्ष चेक करने पर गाडी के बीच वाली सीट एंव पीछे सीट मे काले रंग के कम्बल से ढककर मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी गोवा शराब 40 पेटिया मिली कुल 2000 नग, बल्क 360 लीटर कीमती 210000 रूपये एंव अवैध शराब परिवहन मे प्रयुक्त वाहन क्रमांक ब्ळ 09 5281 गोल्डन रंग का जाईलो वाहन कीमती 800000 रूपये को मौके पर विधिवत जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की गई है प्रकरण मे थाना स0 लोहारा मे अज्ञात आरोपियो के विरूध्द अपराध क्रमांक 193/20 धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया। मामले के अज्ञात आरोपियों की पता तलाश जारी है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में अनिल कुमार सोनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम के मार्ग निर्देशन एवं पनिक राम कुजुर उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स , बीनूराम मण्डावी उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) के दिशा-निर्देश में निरीक्षक राकेश लकड़ा, निरीक्षक अनिल शर्मा, उप निरीक्षक डोमार साहू, सहायक उप निरीक्षक गिरजाशंकर यादव, प्रधान आरक्षक खुबीराम साहू, आरक्षक रवि जायसवाल, पेखेन्द्र जांगडे, रूपेश राजपूत, रवि टोण्डर के द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।

2 सटोरिये चढ़े पुलिस के हत्थे

कवर्धा-(नवप्रदेश)। शहर के कई जगहो में रूपये पैसे का दांव लगाकर कुछ लोग सट्टा खिला कर अवैध धन अर्जित कर रहे है जिसमे भोजली तालाब के पास कवर्धा मनीश विश्वकर्मा पिता जयराम विश्वकर्मा निवासी गंगा नगर को पकड़ा गया जिसके पास हाई टेक तरीक से मोबाईल व्हाटस अप मैसेस से सटटा पटटी लिखा, मोबाईल दो नग, सटटा पटटी नगदी रकम 515 रूपये को जप्त किया एवं एक अन्य आरोपी संदीप निर्मलकर पिता अनोक निर्मलकर निवासी आदर्श नगर द्वारा भी हाई टेक तरीके से मोबाईल व्हाटस अप मैसेस से सटटा पटटी दो नग नगदी रकम 400 रूपये को जप्त जुमाल रकम 915 ध् जप्त किये जिसके खिलाफ थाना कवर्धा मे अपराध क्रमांक 542/2020 543/2020 धारा 4 (क)धुत अधिनियम के तहत कार्यावाही कर आरोपी को गिरफ्तारी कर अपराध पंजीबद्ध किया गया है । इस कार्य में थाना प्रभारी मुकेश यादव , सउनि आशीष सिंह , अशोक मेश्राम , प्र.आर .- . 251 अनुप चन्द्रवंशी , आर . मनीश प्रधान , प्रदीप निर्मलकर कुलपत धुर्वे , सैनिक देवेन्द्र चन्द्रवंशी एवं मनोज बंसोड , अनिल पाण्डेय का सराहनीय योगदान रहा है ।

कोरोना प्रकोप के बीच लगातार ऑनलाइन शिक्षा दे रहे शिक्षक

कवर्धा-(नवप्रदेश)। वैश्विक महामारी कोरोना के प्रकोप के बीच शिक्षकों ने ऑनलाइन पढ़ाई जारी रखी है। शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन वर्चुअल क्लास व मोहल्ला क्लास के माध्यम से बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। ये शिक्षक कोरोना वारियर्स के रूप में सामने आए हैं। इस बीच कई शिक्षकों ने उ.ष्ट कार्य किया है। ऐसे ही एक शिक्षक हैं रवि वर्मा, जो शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बोड़ला में व्याख्याता के रूप में पदस्थ हैं। इन्होंने छात्र हित को सर्वोपरि मानते हुए लॉकडाउन के शुरुआती समय से ही छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना पढ़ई तुहंर दुआर के वेब पोर्टल से जुड़कर बच्चों को शिक्षा देना प्रारंभ कर दिया था। व्याख्याता रवि वर्मा जिले में प्रथम एवं राज्य में सर्वाधिक ऑनलाइन कक्षा लेने वाले शिक्षकों मे चैदहवें स्थान अर्जित कर अपने विषय भौतिक शास्त्र के नियमितरूप से अध्यापन में जुटे हुए हैं। व्याख्याता रवि वर्मा ने अब तक 426 आनलाइन कक्षाएं आयोजित कर कबीरधाम जिले के साथ ही विभिन्न जिलों के लगभग 28 हजार विद्यार्थियों को लाभान्वित कर चुके हैं।

चोरी के कंप्यूटर व मोबाइल जप्त

गंडई पंडरीया। गंडई क्षेत्र मे इन दिनो चोरी की वारदाते बढ़ गई है चोरी की रिपोर्ट के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन हरकत मे आई और चोरी हुये कंप्यूटर सेट व चार नग मोबाइल संहित आरोपी को पकड़ने मे सफ्लता हासिल की। थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक शुसमा सिंह व गंडई पुलिस स्टाफके द्वारा आरोपी नाबालिक बालक की गिरफ्तार कर ज्यूडीशियल रिमांड पर भेजा गया। पुलिस सूत्रो से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दनिया निवासी चंद्रशेखर साहू पिता शत्रुहन साहू ने 1 अक्टूबर की दरमियानी रात अज्ञात चोर द्वारा गंडई -धमधा मार्ग पर स्थित ग्राम दनिया मे यश मोबाइल शॉप के ताला को तोड़कर कंप्यूटर सेड व मोबाइल की चोरी होने कि रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद गंडई पुलिस ने भादवि की धारा 457 व 380 के तहत विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम बुन्देली निवासी अरुण जंघेल पिता केशव राम जंघेल उम्र 23 साल चोरी का समान लेकर बेचने के फिरात मे घूम रहे थे। संदेह के आधार पर उक्त युवक को थाना लाकर पूछताछ कर मेमोरंडम कथन लिया गया जिसमे उक्त युवक ने बताया की 1 अक्टूबर की रात्री 12 बजे अपने गाँव के दो औपचारी बालको के साथ मिलकर तीनों मेरे मोटरसाइकिल होंडा साइन क्रमांक सीजी 08 एएस 2128 मे दनिया गए और गंडई धमधा रोड मे स्थित यश मोबाइल शॉप के शटर के हुक एवं ताला को लोहे की राड से तोड़कर मोबाइल दुकान के अंदर घुस गए दुकान पर से एक सेट कम्प्यूटर, सेपेरेटर मशीन एवं पाँच नग पुराना मोबाइल चोरी कर ली और उसे आपस मे बाँट लिया चोरी मशरुका कंप्यूटर सेट (मॉनिटर, सीपीयू किबोर्ड, माउस व लीड वायर) संहित चार नाग मोबाइल को आरोपी के कब्जे से पुलिस ने जप्त कर लिया।

केंद्र सरकार के कृषि बिल के विरोध में एकजुट होने का आह्वान

महासमुंद। कृषि विधेयक बिल के विरोध में सभी किसानों को एकजुट होने का आह्वान किया गया। शुक्रवार को सिरपुर व तुमगांव में आयोजित बैठक में किसानों को जागरूक करने के साथ ही हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। बैठक में संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चन्द्राकर ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा कोरोना महामारी जैसे संकट काल के बावजूद किसान को बर्बाद करने वाला बिल पेश कर दिया गया है। यह विधेयक कृषि क्षेत्र को कार्पोरेट के हाथों में सौंपने की कोशिशों का हिस्सा हैं जिसका सभी को पुरजोर विरोध करना है। उन्होंने कहा कि विधेयक में समर्थन मूल्य के बारे में स्पष्ट नहीं है। नए विधेयक में सिस्टम को हटाया जा रहा है। इससे जमाखोरी-मुनाफाखोरी बढ़ेगी और पूंजीपतियों व बिचौलियों को फायदा होगा।

किसानों को गर्त में धकेलकर कॉर्पोरेट घरानो को फायदा पहुंचाने के लिए तीन कृषि अध्यादेश : नेताम

देवभोग। देश का प्रधान सेवक किसानों की आर्थिक स्थिति बढ़ाना छोड़ तीन कृषि अध्यादेश के सहारे आगामी दिनों में किसान को गर्त मैं ढकेलने की तैयारी में है। तभी किसान अपने मन में डर लिए आज करोड़ों की तादात में सड़क पर हैं । बावजूद इसके मोदी सरकार किसानों की आवाज तक नहीं सुन रही है बल्कि पुलिस का सहारा लेकर अन्य प्रदेश के कोने-कोने में किसानों के ऊपर लाठी भांज रही है। फिर भी किसान टस से मस नहीं हो रहे हैं। क्योंकि किसान मोदी की मंसा को अच्छी तरह समझ चुके हैं की आजकल मैं केंद्र सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य खत्म कर कॉर्पोरेट घरानों को सीधा सीधा लाभ पहुंचाने की मकसद में है। उक्त बातें किसान मजदूर सम्मेलन कार्यक्रम में पहुंचे जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने कहा नेताम ने आगे कहा कि केंद्र सरकार लगातार किसानों के साथ छलावा कर रही है तरह-तरह की अध्यादेश लाकर अब किसानों की कमर पर वार किया है इसलिए कांग्रेश के हर पदाधिकारी कार्यकर्ता किसान के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मोदी सरकार के खिलाफ लड़ रहे है।

अज्ञात लुटरों ने दिया वारदात को अंजाम

गंडई पंडरिया। नगर में अज्ञात लुटेरों ने एक बार फिर लूट की घटना को अंजाम दिया है और 16 हजार की रकम को लूट कर ले गए है। मामला दिनाक 08 सितम्बर की है पेंडरवानी निवासी गिरधारी राम साहू एवं उसका चाचा दुलारू राम साहू बैक से पैसा निकालने 08 सितम्बर को गंडई के दो बैंको में आये थे । सबसे पहले दोनों चाचा भतीजा गंडई के एसबीआई बैंक आये जहां से उन्होंने 16 हजार रुपये निकाले और उन पैसों की गिनती कर उसे थैले में पास बुक के साथ डाल कर सायकल की हेंडिल में लटका दिया और एसबीआई बैंक से थोड़ी दूरी पर स्थित जिला सहकारी बैंक चले गए जहाँ से 25 हजार रुपये निकाले और जिला सहकारी बैंक से निकाले रुपये को चाचा दुलारू राम साहू ने अपने जेब मे रख लिया और पास बुक को थैले में डाल थैला को सायकल के हेडिंल मे रखकर टिकरीपारा स्थित मेमन जडीबुटी दुकान में गए उस समय दोपहर 02.15 से 02.30 का समय था, चाचा दुलारू राम साहू दुकान के सामने सायकल को खडी कर दुकान गया दुकान बंद था दुकानदार के यहां महिला से पेननील का पाउडर 120 रूपये का मांगा और दुलारू राम साहू सायकल के पास दुकान तरफ चेहरा रखकर खडा हो गया था, तभी दवाई देने वाली महिला ने दुकान से निकलकर दुलारू साहू को बताया कि तुम्हारे सायकल मे थैला रखे हो क्या उसे दो व्यक्ति मोटर सायकल से आये और थैला को लेकर गंडई की ओर भाग रहे है। ये बात सुनकर दुलारू राम ने थैला ले जाने वाले का पीछा किया उसे लुटेरे नजर नही आये दुलारू साहू वापस दुकान के पास गया और दुकान वाले के आदमी को बताया कि थैला मे 16,000 रूपये रखा है और उनके मोटर सायकल मे बैठ कर थैला ले जाने वाले चोरो का पता तलाश करने राजनांदगांव रोड, कवर्धा रोड, धमधा रोड मे खोज बीन किया पर उक्त लुटरे कही नजर नही आये । लूट के घटना को अंजाम देने वाले दोनों लुटरों ने सफेद रंग की कमीज और नीले रंग की फूल पेंट पहना रखा था एक व्यक्ति चेहरा मे कपडा बांधा था ।

कही बैंक से रेकी करते हुए सही मौका देख लूट की घटना को लुटेरे अंजाम तो नही दे रहे :-

दोनों ही मामलो पर कुछ समानता देखने को मिल रहा है जिसमे मुख्य रूप से बैंक से पैसे निकलना, दो व्यक्तियों द्वारा लूट की घटना को अंजाम देना,लूट में बाईक का प्रयोग करना,मास्क का उपयोग करना आदि समानता है जिससे लगता है कि बैंक से ही उक्त लूट की घटना को अंजाम देने वाले पैसे निकालने वाले भोले भाले ग्रामीणों पर अपनी नजर जमाये रखते है और मौके की तलाश में रहते है जैसे ही मौका मिलता है लुटेरे लूट की घटना को अंजाम दे देते है जब तक मामला लूटने वाले ग्रामीणों की समझ में आये बहोत देर हो चुका होता है।

> सीसी टीवी फुटेज को तलाशा जा रहा है सभी बिन्दुओ पर जांच किया जा रहा।
>
> **राजेश जोशी,** एसडीओपी गंडई

ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हुआ वन विभाग, कोरोना काल में 50 करोड़ कमाए

गरियाबंद/ कोरोना काल में हर कोई आर्थिक संकट से गुजर रहा है। सबसे ज्यादा गरीब वर्ग परेशान हैं। यही हाल गरियाबंद क्षेत्र के गरीब वर्ग का भी है। ऐसे समय में गरियाबंद वन मंडल वन क्षेत्र में रहने वाले वनवासियों के लिए वरदान साबित हुआ है। वनवासियों द्वारा एकत्रित वनोपज का वाजिब दाम देकर उन्हें न सिर्फ बिचौलियों से लुटने से बचाया है, बल्कि 300 से भी ज्यादा गांव में रहने वाले सैकड़ों परिवार को आर्थिक मजबूती भी प्रदान की है। वन विभाग ने 6 माह में वनोपज खरीदी कर आधा अरब का भुगतान किया है।

उल्लेखनीय है कि कोरोना काल के चलते आर्थिक तंगी से निपटना गरीब परिवार के लिए चुनौती बन गई। परिस्थितियों से निपटना राज्य सरकार के लिए भी चुनौती बन गई। ऐसे विकट समय में गरियाबंद वन मण्डल ने वन ग्राम के रहवासियों के लिए वरदान साबित हुआ। डीएफओ मयंक अग्रवाल के नेतृत्व में गरियाबंद वन मण्डल के 9 परिक्षेत्र में आने वाले 300 से भी ज्यादा गांव में डेढ़ लाख परिवार को 50 करोड़ रुपए का भुगतान कर वनवासियों को आर्थिक संबलता प्रदान की। वहीं वनोपज संग्रहण के मामले में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

तेंदूपत्ता संग्रहण में दूसरे नंबर पर

डीएफओ मयंक अग्रवाल ने सतत निगरानी कर हरे सोने का संग्रहण कराया. सोशल डिस्टेंस और अन्य सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने 60712 संग्राहक परिवार से 58435 मानक बोरा पत्ता संग्रहण करवाया, जो कि लक्ष्य का 70 फीसदी आंकड़ा को छू लिया।इस आंकड़े ने प्रदेश में तेंदूपत्ता खरीदी के मामले में गरियबन्द को दूसरे नम्बर के दर्जे पर खड़ा कर दिया। संग्राहकों को 23 करोड़ 37 लाख का भुगतान किया गया। वनोपज की वाजिब कीमत दी। 150 महिला समूहों को सालभर का रोजगार भी दिया।

इस से पहले वनोपज, बिचौलिये के हाथों में ओने पौने दाम पर चला जाता था।

784 छात्रों को मिली आर्थिक मदद

जिले में यह पहली बार संभव हो सका कि वनोपज संग्राहक परिवार में पढने वाले 784 छात्रों को 54 लाख 30 हजार रुपए की छात्रवृत्ति का भुगतान किया गया। 54780 परिवार वालों को लंबित 2018 की बोनस राशि 18.89 करोड़ का भुगतान किया गया।

टीम वर्क से सब संभव हुआ : डीएफओ

कोरोना काल में ये सब कर पाना एक चैलेंज था। टीम वर्क से ही सब संभव हो पाया है। समय पर हितग्राही मूलक योजनाओं का भुगतान, जरूरतमंतों के काम आए, इस लक्ष्य को लेकर जो बेस्ट हो सका हमारी टीम ने किया।

मयंक अग्रवाल, डीएफओ

किसान सम्मेलन रैली में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने भरी हुंकार

कवर्धा-(नवप्रदेश)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी निर्देशानुसार पर चलाए जा रहे चरण बद्ध आंदोलन के अंतर्गत जिला कांग्रेस कबीरधाम के अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी के मार्गदर्शन मे विरोध प्रदर्शन वर्चुवल किसान रैली का आयोजन कर कांग्रेस के दिग्गजों ने हुंकार भरी । इस रैली को छ.ग. प्रभारी माननीय पी.एल.पुनिया ,मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित प्रदेश के वरिष्ठ नेतागण ने संबोधित कर केंद्र की भाजपा सरकार की नियत व नीतियों की आलोचना कर विरोध व्यक्त किया। जिसमें उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार तीन किसान विरोधी बिल पास करके हरित क्रांति को विफल करने की साजिश कर रही है। जिसके विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ बड़ी संख्या में किसान व खेतिहर मजदूर इन कठोर कानूनों का विरोध कर रहे हैं किंतु केंद्र सरकार किसानों पर लाठियां बरसा कर उनकी आवाजों को कुचलने का प्रयास कर रही है। जिसका कांग्रेस, संसद से सड़क तक लड़ाई लड़ रही है इसी परिपेक्ष्य में कबीरधाम के कवर्धा ब्लॉक के कांग्रेस भवन में, बोड़ला व रेंगाखर ब्लॉक के बी आर सी भावन में, लोहारा ब्लाक के पटेल भवन में, पंडरिया ब्लाक के जनपद पंचायत में, कुंडा ब्लाक के ग्राम माकरी में रमाकांत शुक्ला के घर मे, ठाठपुर ब्लाक के समरसता भवन रणवीरपुर में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में उपरोक्त बिल का विरोध करते हुए वर्चुअल रैली कर किसान विरोधी बिल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। केंद्र सरकार द्वारा लाये गए .षि विधेयक को लेकर मचे घमासान के बीच इसे किसान विरोधी करार देते हुए केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों और किसान संगठनों से कोई चर्चा या सलाह किए बिना यह विधेयक लाया है। केंद्र सरकार के इस फैसले का चैतरफा देश में विरोध हो रहा है इस विधेयक से मंडियों की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी आज मंडियों के वर्तमान प्रणाली से ऊपज बेचकर किसान खुशहाल जिंदगी जी रहा है। कृषि क्षेत्र से जुड़े तीनों विधेयक को लाने की जो साजिश की गई उसे भाजपा का गांव, गरीब और किसान विरोधी चेहरा उजागर हुआ है कांग्रेस ने कृषि और किसानों के हित में इस मसले पर मोदी सरकार का जबरदस्त विरोध किया है और आगे भी पूरी पार्टी देश के किसानों के साथ खड़ी रहेगी।

एक पिकअप सागौन के साथ तीन गिरफ्तार

डौंडी। बालोद वन मंडल के अंतर्गत डौंडी वन परिक्षेत्र में लगभग 51 हजार रूपए मूल्य के सागौन लकड़ी को जब्त करने सहित एक पिकअप वाहन के राजसात की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार साहू ने बताया कि दिनांक 9 अक्टूबर 2020 की रात्रि मुखबीर से सुचना मिलने पर वन मंडलाधिकारी सतोविशा समाजदार के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र डौंडी में सघन गश्त की जा रही है। इस दौरान वन विभाग के गठित दल को मुखबिर से सुचना मिलने पर टीम अवैध लकड़ी कटाई तथा परिवहन में संलिप्त बम्हनी व कोपेडेरा के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 की 41 एवं छत्तीसगढ़ वन उपज (व्यापार विनियमन) अधिनियम 1969 की धारा 5 और 15 के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसमें परिवहन में संलिप्त एक पिकअप वाहन बोलेरो मैक्सी ट्रक क्रमांक सीजी 19 एच 0762 को राजसात सहित आरोपियों से 54 नग सागौन चिरान 0.671 घन मीटर सागौन लकड़ी जप्त की गई है। इसमें सागौन लकड़ी का अनुमानित मूल्य लगभग 51 हजार है। बम्हनी व कोपेडेरा के तीन आरोपियों दिनेश कुमार गोंड वल्द मेहरू राम ग्राम कोपेडेरा, शिवराम धुर्वे वल्द अकबर सिंह ग्राम बम्हनी और अंकालु राम वल्द परसराम कोपेडेरा को गिरफ्तार किया गया।

गरीब माता पिता ने इलाज के लिए लगाई मदद की गुहार

नव प्रदेश संवादाता

गरियाबंद। जिले के कोपरा गांव के लोकेश की रीढ़ की हड्डी फैक्चर हो गई है जिसके कारण पिछले तीन माह से परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर का इकलौता कमाऊ बेटा तीन माह से जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। सारा जमा पूंजी खत्म होने के बाद मजदूर माता-पिता के सामने अब खाने- पीने की समस्या खड़ी हो गई है। बेटे की इलाज के लिए गरीब माता-पिता ने मदद की गुहार लगाई है।

ग्राम कोपरा के शिवचौक निवासी लोकेश यादव का परिवार इन दिनों विकट समस्या से गुजर रही हैं। इकलौता 22 वर्षीय बेटा राजेश यादव खाट में पड़े- पड़े जिंदगी के दिन गिन रहा हैं। परिवार की माली स्थिति भी ऐसी नहीं है कि जवान बेटा का इलाज किसी अच्छे अस्पताल में करवा सकें। लोकेश यादव ने बताया कि उसका बेटा राजेश मिस्त्री काम में हेल्परी करने के लिए जाता था। करीब तीन माह पहले 27 जुलाई को दो मंजिला में काम करते समय राजेश का पैर फिसल गया। इससे राजेश के कमर में गंभीर चोट आई है। राजधानी के एक निजी अस्पताल में इलाज करवाने पर पता चला कि राजेश की रीढ़ की हड्डी में फैक्चर हैं। किसी तरह परिवार के सदस्यों ने राजेश का प्रारंभिक इलाज करवाया। रीढ़ की हड्डी के आपरेशन में ही सारा जमा पूंजी खत्म हो गया। इसके बाद से राजेश घर में ही बिस्तर पर पड़ा हुआ है। पैसा खत्म होने के बाद लाचार माता-पिता अब हताश हो गए हैं। लोकेश यादव ने बताया कि रोजी-मजदूरी से किसी तरह उनका गुजार चल रहा था। बेटे की तबीयत खराब होने के कारण उसके देखभाल के लिए घर में रहना पड़ता है। ऐसी स्थिति में अब लोकेश के घर में खाने के लाले पड़ने लगे हैं। उन्होंने बेटे की इलाज के लिए मदद की गुहार लगाई है। राजेश की हालत को देखते हुए सरपंच डॉ. डाली साहू व पूर्व जनपद सदस्य आगे आए। और परिवार को आर्थिक रुप से मदद की।

ग्रामीण शराबबंदी समिति ने पकड़ी शराब और महुआ पास

नवप्रदेश संवाददाता

यहां गांववालों ने लिया शराब बंदी का निर्णय

महासमुंद। पिथौरा क्षेत्र में भी ग्रामीणों ने आपसी बैठककर शराबबंदी लागू कर दी. पिथौरा विकासखण्ड का यह दूसरा गांव है जहां शराबबंदी की गई है. दोनों गांवों की शराबबंदी में अंतर यह है कि बुंदेली में चौकी प्रभारी ने शराबबंदी की पहल की जबकि किशनपुर में ग्रामीणों ने पहल कर पुलिस को बैठक में बुलाया. छत्तीसगढ़ में चुनाव के पूर्व शराबबंदी के वायदे को सरकार भले ही पूरा नहीं कर पा रही है पर ग्रामीण क्षेत्रों में अब शराब से टूटते घरों एवं बर्बाद होते ग्रामीणों को बचाने ग्राम स्तर के जनप्रतिनिधि प्रयास करने जुटे हैं. कुछ ऐसा ही निर्णय बुंदेली के ग्रामीणों के बाद अब विकासखण्ड के ग्राम किशनपुर में भी शराबबंदी के सख्त निर्णय लिया गया है.

इस संबंध में शराबबंदी समिति के संरक्षक राधेश्याम साहू ने बताया कि विगत सप्ताह ग्राम में बढ़ रहे अपराध के ग्राफको रोकने ग्रामीणों ने एक बैठक आहूत की. बैठक में पिथौरा थाना प्रभारी को भी बुलाया गया था. बैठक में सर्वसम्मति से ग्राम में शराबबंदी का निर्णय लिया गया. निर्णय के अनुसार अब ग्राम में कोई भी शराब नहीं बनाएगा, ना ही बेचेगा और ना ही पियेगा. इस समिति का अध्यक्ष ग्राम के प्रमुख राजकुमार बरिहा को बनाया गया एवं समिति में शराबबंदी पर नियंत्रण हेतु ग्राम के 20 प्रमुख ग्रामीणों को सदस्य बनाया गया. इधर, अचानक शराबबंदी से अवैध शराब बनाकर बेचने वालों पर जैसे आफ्त का पहाड़ टूट पड़ा. अब ये ग्राम में अपने घर से दूर जंगल मे महुआ शराब का निर्माण करने लगे. ग्रामीणों के अनुसार अवैध शराब एवं शिकार का गढ़ माना जाने वाला किशनपुर में पुलिसिया दबाव नहीं के बराबर था. लिहाजा बीती रात ग्रामीणों को खुद ही सामने आना पड़ा और सरपंच प्रतिभा कमलेश बारीक के नेतृत्व में ग्रामीण शराबबंदी समिति ने अन्य ग्रामीणों के साथ मिलकर समीप के जंगल में महुआ शराब बनाने के लिए बनाए गए करीब 18 बोरी महुआ पास एवं 35-40 लीटर महुआ शराब पकड़ने में सफ्लता हासिल की।

बिना आदेश स्कूल का संचालन, प्राचार्य को नोटिस

महासमुंद। कोरोना संकट के बीच बिना शासकीय आदेश स्कूल का संचालन कर रहे उच्चतर माध्यमिक शाला तुमगांव के प्राचार्य को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने तीन दिन के अंदर नोटिस का जबाव देने कहा के सभी स्कूलों को बंद कर ऑनलाइन माध्यमों से बच्चों की पढ़ाई कराई रहीं है ताकि इस वैश्विक महामारी से स्कूली बच्चों को बचाया जा सके लेकिन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला तुमगांव के प्राचार्य द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता किए बगैर स्कूल संचालित किया जा रहा था। इतना ही नहीं बल्कि, यहां पर बच्चे बिना मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन नहीं किया जा रहा था। डीईओ राबर्ट मिंज ने बताया कि शासन के आदेश बिना स्कूल संचालित कर रहे प्राचार्य डोमार सिंग दीवान को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होने पर प्राचार्य के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

सिरीयस मरीजों का उत्कृष्ट ईलाज (उचित दरों में), सर्वसुविधायुक्त आईसीयू आधुनिक ऑपरेशन थियेटर सभी प्रकार की जांच सुविधा
बांठिया हॉस्पिटल
कोविड मरीजों के ईलाज के लिए अलग व्यवस्था
100 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
24 घंटे उपलब्ध सुविधाएं
राजा तालाब रोड, रायपुर, फोन : 0771-2425009, 2424737